डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 अंक : 136 पेज: 8 जयपुर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

## मैक्रों हों या वेंस, सबको भा रहा है 'गुलाबी नगर'



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (JD) वेंस गुरुवार सुबह चार दिवसीय भारत दौरे के बाद जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना हो गए। इस दौरान वेंस ने जयपुर में चार दिन बिताए, जो उनकी भारत यात्रा का सबसे लंबा हिस्सा रहा। इस दौरे ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गुलाबी नगर अब विश्व नेताओं के लिए केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक रणनीतिक और डिप्लोमैटिक सेंटर बनता जा रहा है।

कूटनीति से कल्चर तक: क्यों जयपुर?
विशेषज्ञों का मानना है कि वेंस की जयपुर यात्रा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक मजबूत संदेश है। यहां न सिर्फ सांस्कृतिक समन्वय देखा गया, बल्कि व्यापार, सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर भी बातचीत हुई। जयपुर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट, विश्व स्तरीय होटल्स और ऑडिटोरियम्स होने के कारण यहां उच्च स्तरीय डिप्लोमैटिक बैठकों के लिए बेहतरीन माहौल है।

सुरक्षा और अनुभव का लाभ
जयपुर में वीआईपी सिक्योरिटी को लेकर एजेंसियों के पास पुराना अनुभव है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भी 25 साल पहले यहां का दौरा कर चुके हैं। इससे अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सहजता रही।

गोल्डन ट्रायंगल की ताक़त
दिल्ली, आगरा और जयपुर का 'गोल्डन ट्रायंगल' विश्व पर्यटन का प्रमुख हिस्सा है। जयपुर की दिल्ली और आगरा से बेहतरीन कनेक्टिविटी इसे और खास बनाती है। साथ ही, शहर की शांति और स्थिर कानून व्यवस्था भी इसे पसंदीदा बनाती है।

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने भी दी थी जयपुर को प्राथमिकता
पिछले साल फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जयपुर में रोड शो किया था। उनकी यात्रा ने भी जयपुर को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई। फ्रांस और राजस्थान की सांस्कृतिक समानता को देखते हुए जयपुर को रणनीतिक साझेदारी का केंद्र माना गया।

## एमपी में बोलेरो पलटी, 5 बहनों समेत 8 की मौत

### दमोह में जागेश्वर धाम के दर्शन कर जबलपुर लौट रहे थे; मोड़ पर खाई में गिरी गाड़ी

**दमोह (एजेंसी)।** दमोह के बनवार चौकी क्षेत्र में महादेव घाट के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुए हादसे में एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 बहनें शामिल हैं। 8 और 10 साल के दो बच्चों की भी जान गई है। पुलिस ने बताया कि जबलपुर के भीटा फुलर गांव का परिवार बांदकपुर से जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद लौट रहा था। बोलेरो में 15



लोग सवार थे। इनमें से 6 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो बच्चों ने दमोह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 5 अन्य घायलों को दमोह जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्हें ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दमोह से जबलपुर पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजन को 2-2 लाख जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

## पंजाब में अमित शाह की हत्या की साजिश का दावा

### मंत्री बिट्टू भी हिटलिस्ट में शामिल, वॉट्सऐप चैट लीक

**मोगा (एजेंसी)।** पंजाब में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है। पंजाब पुलिस का दावा है कि खालिस्तान समर्थक और सांसद अमृतपाल के समर्थक इसकी तैयारी कर रहे थे। हालांकि ये वारदात को अंजाम दे पाते कि इससे पहले वॉट्सऐप ग्रुप की चैट लीक हो गई। ये वॉट्सऐप ग्रुप 'वारिस पंजाब दे' और 'अकाली दल मोगा जत्थेबंदी' के नाम से बने थे। उनकी हिटलिस्ट में केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू और सीनियर अकाली नेता व



पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया भी थे। अमृतपाल के समर्थक उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट की अवधि बढ़ाने से गुस्से में थे। इसी वजह से खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल को असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है। इसका खुलासा होने के बाद पुलिस ने अमृतपाल के 25 से 30 समर्थकों के खिलाफ मोगा में एफआईआर दर्ज कर ली है। जिसके बाद 2 समर्थकों को अरेस्ट कर लिया गया है। इनमें एक आरोपी लुधियाना में खन्ना के न्यू मॉडल टाउन का बलकार सिंह और दूसरा मोगा का नाबालिग है। ये सब हत्या की साजिश वाले ग्रुप से जुड़े हुए थे। मोगा रेंज के आईजी अश्वनी कपूर ने इसकी पुष्टि की।

## मुस्लिम नहीं है, गोली मार दो...

- जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने नाम पूछकर किया हमला
- चश्मदीद का बयान आया, एक राजस्थानी टूरिस्ट की मौत
- फायरिंग में 12 लोग हुए घायल, सुरक्षाबलों ने इलाका घेरा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर आतंकियों ने पर्यटकों पर फायरिंग कर दी। हमले में राजस्थान से आए एक टूरिस्ट की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2 आतंकी सेना की वर्दी में आए, पहले उन लोगों ने टूरिस्ट से नाम पूछा, इसके बाद उसके सिर में गोली मार दी और फायरिंग करते हुए भाग निकले। अधिकारियों के मुताबिक घटना बैसरन घाटी में हुई, इसमें 8 लोग घायल हैं। इनमें कुछ स्थानीय भी हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी के मुताबिक घायलों की संख्या 12 है। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर रखा है। हेलीकॉप्टर के जरिए इलाके पर नजर रखी जा रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। पहलगाम हमले में धर्म के आधार हमले का खुलासा हुआ है। चश्मदीदों ने दावा किया है कि आंतकियों ने पहले नाम पूछा, जैसे ही उन्होंने हिंदू नाम सुना तो उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन वैली में घुड़सवारी कर रहे एक टूरिस्ट समूह को निशाना बनाया। घायलों की संख्या 10 तक बताई जा रही है। अभी तक एक टूरिस्ट की मौत की पुष्टि हुई है। पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लश्कर समर्थित आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। यह आतंकी संगठन पहले भी हमला कर चुका है।



### हिंदू नाम सुनते ही आतंकियों ने दागी गोलियां

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों ने बताया कि आतंकवादियों के एक गुट ने सैर-सपाटा के दौरान मैगी खा रहे सैलानियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। आतंकवादियों ने टूरिस्ट का नाम पूछकर अपनी हैवानियत दिखाई। घायलों और मौके पर मौजूद लोगों ने कैमरे पर बताया है कि आतंकवादियों ने पहले सैलानियों से उनका नाम पूछा और हिंदू नाम सुनने के बाद गोली मार दी।

### पुलिस की वर्दी में थे हमलावर!

टूरिस्ट को निशाना बनाने वाले कुछ आतंकी पुलिस की वर्दी में थे। इसके चलते स्थानीय लोगों के साथ टूरिस्ट भी आतंकी होने का अनुमान नहीं लगा पाए। यह भी सामने आया है कि 2 से तीन हमलावर पुलिस की वर्दी में थे। घटना के बाद आईजी और डीआईजी समेत तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले भी नॉन कश्मीरियों को निशाना बनाया गया था। भाजपा नेता रविंदर रैना ने पहलगाम हमले पर प्रतिक्रिया दी है। रैना ने कहा है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला किया है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने परिवार समेत देखा आमेर फोर्ट

- बेटी को गोद में लेकर घूमे, शीशमहल देखा, हाथियों ने स्वागत किया

**जयपुर (एजेंसी)।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं। मंगलवार सुबह उन्होंने पत्नी उषा, बेटों विवेक, इवान और बेटी मीराबेल के साथ जयपुर का आमेर किला देखा। वे बेटी को गोद में लेकर घूमते हुए दिखे। वहीं, दोपहर को उन्होंने एक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी पत्नी भारत में मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी है। इसके साथ ही वेंस ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड समझौता जल्द होने के आसार हैं। इससे पहले वेंस मंगलवार सुबह जयपुर शहर से करीब 10 किमी दूर अरावली की पहाड़ियों पर स्थित आमेर किले में जीप से पहुंचे। आमेर फोर्ट के जलेब चौक पर दो हाथियों (चंदा और पुष्पा) ने मेहमानों का स्वागत किया। लोक कलाकारों ने भी कच्छी घोड़ी, घूमर और कालबेलिया डांस कर उनका वेलकम किया। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने वेंस के परिवार से मुलाकात की।



## पीएम मोदी के स्वागत के लिए पहुंचा एफ-15 फाइटर जेट

- सऊदी अरब में घुसते ही मोदी की दिल छूने वाली खातिरदारी
- क्राउन प्रिंस ने भेजा एफ-15 विमान, पीएम की स्पेशल अगवानी

**रियाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब में जमीन पर उतरे नहीं थे कि क्राउन प्रिंस ने उनकी सुरक्षा के लिए अपने लड़ाकू विमान को भेज दिया। ये एक स्पेशल संकेत है। जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान को सऊदी हवाई क्षेत्र में रॉयल सऊदी वायु सेना के एफ 15 विमानों ने स्वागत किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में इसे स्पेशल जेस्चर बताया है। ट्वीट में



कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा के विशेष सम्मान के रूप में, उनके विमान को सऊदी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही रॉयल सऊदी वायु सेना द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सऊदी अरब को भारत के सबसे मूल्यवान साझेदारों में से एक बताया है और इसे एक विश्वसनीय मित्र और सहयोगी करार देते हुए कहा, कि वर्तमान समय उनके संबंधों के लिए आशाजनक समय है। जिसमें 'असीमित संभावनाएं' हैं।

## बीएमसी चुनाव में फिर से बसेंगे टूटे हुए 'घर'!

- *पार्टी तोड़ने वाले वाले भाई-भतीजे दिखाएंगे, हम साथ-साथ हैं*
- *महाराष्ट्र निकाय चुनाव से पहले नए सिरे से गठबंधन की तैयारी*

**मुंबई (एजेंसी)।** बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा ट्विस्ट आ सकता है। महायुति और महा विकास अघाड़ी के समीकरण में उलटफेर होने की संभावना भी बन रही है। मुलाकातों और पर्दे के पीछे जारी बातचीत से यह उम्मीद जताई जा रही है कि महाराष्ट्र निकाय चुनाव से पहले रूठे फिर मानेंगे और खून के रिश्ते फिर से करीब आएंगे। बताया जा रहा है कि एनसीपी नेता अजित पवार फिर से चाचा शरद पवार के साथ आ सकते हैं। 20 साल पहले चाचा बाल ठाकरे के पुत्रमोह से दुखी होकर मनसे पार्टी बनाने वाले राज ठाकरे भी चचेरे भाई उद्धव के साथ गठबंधन के लिए तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार, राज ठाकरे ने अपने विकल्प खुले रखे हैं और वह एकनाथ शिंदे के संपर्क भी हैं। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को चुप रहने की सलाह दी है।



### बीजेपी की एक चाल से बदला सियासी माहौल

पिछले पांच साल में मुंबई में राजनीतिक उलटफेर हुए और नई पार्टियों के साथ नए गठबंधन का दौर शुरू हुआ। विधानसभा चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत के बाद कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (यूबीटी) बैकफुट पर चली गई। महाविकास अघाड़ी में कानाफूसी शुरू हो गई। एकनाथ शिंदे और अजित पवार बड़े गेमचेंजर बनकर उभरे। बीजेपी पहले से ज्यादा पावरफुल हो गई। राज ठाकरे एक बार फिर अपनी पार्टी के अस्तित्व के जूझते नजर आए।

- **एकनाथ शिंदे भी चाहते हैं राज ठाकरे का साथ**-दूसरी ओर, महाविकास अघाड़ी में भी उद्धव सेना ने कांग्रेस और शरद पवार के अलग हटकर बीएमसी चुनाव लड़ने के सुर उठने लगे। यूबीटी सांसद संजय राउत ने भी कहा था पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग है कि शिवसेना को बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ना चाहिए। कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) भी अकेले रह गई। अलग-अलग चुनाव लड़ने के ऐलान ने नए गठबंधन बनाने का रास्ता साफ कर दिया। अब एकनाथ शिंदे मुंबई और ठाणे जैसे इलाकों में उद्धव सेना से मुकाबले के लिए नए साथी की तलाश में जुट गए। उनकी नजर भी राज ठाकरे पर टिकी है। अगर शिंदे और राज ठाकरे एक साथ चुनाव लड़ते हैं तो असली-नकली शिवसेना के नैरेटिव को नया ट्विस्ट मिल सकता है।

## संसद ही सुप्रीम, उससे ऊपर कुछ भी नहीं है

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले-सांसद असली मालिक
- पहले कहा था-सुप्रीम कोर्ट सुपर संसद जैसे काम कर रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को लेकर चल रही बहस के बीच उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संसद ही सबसे ऊपर है। धनखड़ दिल्ली यूनिवर्सिटी में संविधान पर आयोजित प्रोग्राम में स्पीच दे रहे थे। धनखड़ ने कहा, संसद सर्वोच्च है और उसके ऊपर कोई नहीं हो सकता। सांसद ही असली मालिक हैं, वही तय करते हैं कि संविधान कैसा होगा। उनके ऊपर कोई और सत्ता नहीं हो सकती। इससे पहले 17 अप्रैल को धनखड़ ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का काम ऐसा है, जैसे वो सुप्रीम संसद हो। धनखड़ का यह बयान तब आया है, जब सुप्रीम कोर्ट में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का मामला पहुंचा है।

## नौकरियों पर घिरी सरकार दे रही कुछ अच्छा होने का संकेत!

- जॉब के मोर्चे पर अंदर और बाहरी चुनौतियों से निपटने की तैयारी
- अब कैबिनेट सचिव सोमनाथन ने लेटरल एंट्री का किया है समर्थन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले कुछ दिनों में देश के दो शीर्ष अधिकारियों ने देश में रोजगार और हायर ब्यूरोक्रेसी की दिक्कतों को लेकर कुछ बड़ी बातें कही हैं। ये शीर्ष अधिकारी हैं देश के कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, जो कि एक रिटायर्ड आईएएस हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले से ही उन्होंने इसे ही अपने राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक विचारों का आधार बना रखा है। वे लगभग हर संबोधन में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत को पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प जताते हैं। ऐसी स्थिति में दो शीर्ष नौकरशाहों का देश में आम लोगों के रोजगार से लेकर हायर ब्यूरोक्रेसी में एक्सपर्ट अफसरों के अभाव की वजह से आने वाली चुनौतियों पर खुलकर बोलना बहुत कुछ कहता है।




- **विकसित होता भारत, रोजगार पैदा करने की चुनौती**- जहां एक तरफ सरकार के शीर्ष अधिकारी ने अपने कामकाज में एक्सपर्ट की कमी से होने वाली दिक्कतों की ओर इशारा किया है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने ओडिशा के संबलपुर में भारतीय प्रबंधन संस्थान में एक कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स को बताया कि किस तरह से भारत को विकसित बनाने के लिए लाखों रोजगार पैदा करने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा, इस वक्त दुनिया की अर्थव्यवस्था कई मुश्किलों का सामना कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में सीएम उमर की गाड़ी रोकी



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में स्थानीय लोगों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की गाड़ी रोक ली। महिलाएं गाड़ी के सामने आ गईं और हाथ जोड़कर रोने लगीं। लोगों ने कहा कि लैंड स्लाइड और बाढ़ के बाद हमारी जिंदगी बदहाल हो गई है। लोग कहने लगे की मुख्यमंत्री जी आप 2 मिनट बात कीजिए। उमर ने अपनी गाड़ी की खिड़की खोली और लोगों की परेशानियां सुनीं। राम बन में 2 दिन पहले बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। बादल फटने का मतलब है बहुत कम समय में बहुत ज्यादा बारिश का हो जाना।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## सुधार की जरूरत...

Unified Payments Interface यानी यूपीआई के एक बार फिर डाउन होने से बड़ी संख्या में यूजर्स को परेशानी झेलनी पड़ी। दो हफ्ते में तीसरी बार इस तरह की दिक्कत पेश आना बताता है कि एक अकेली बॉडी नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के भरोसे रहने के बजाय वैकल्पिक इंतजाम भी किए जाने चाहिए। वैसे, यह भी सच है कि भारत का ऐप्स बेस्ड पेमेंट सिस्टम बाकी दुनिया से कहीं आगे है।


टेक्निकल एररः यूपीआई के डाउन होने पर NPCI की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या की वजह से ऐसा हुआ। दिन में कई घंटे के लिए ट्रांजेक्शन रुक गए। ऐसा ही कुछ मार्च के आखिरी हफ्ते में भी हुआ था और तब भी यही कारण बताया गया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि अप्रैल में UPI ट्रांजेक्शंस बहुत बढ़ गए हैं और इसके पीछे है IPL। इस समय बेटिंग और गेमिंग ऐप्स के चलते ऑनलाइन लेनदेन खूब हो रहा है। इस महीने हर दिन औसतन 60 करोड़ ट्रांजेक्शन किया जा रहा है।

तैयारी क्यों नहीं: केवल मार्च में ही 18 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए, जबकि इसके पहले के तीन महीनों में यह आंकड़ा केवल 16 अरब था। जाहिर है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ ही ट्रांजेक्शन भी बढ़ा। जब दो बार पहले टेक्निकल एरर का सामना किया जा चुका था, तो तीसरी बार के लिए तैयारी क्यों नहीं हुई ?

सबसे ज्यादा लेनदेन: पूरी दुनिया में जितने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होते हैं, उसके करीब 49% केवल भारत में अंजाम दिए जाते हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआई के जरिये 117.6 अरब लेनदेन किए गए। हर दिन के साथ यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इसकी वजह है सहूलियत और देश के दूरदराज के इलाकों तक इंटरनेट की पहुंच। UPI ने आर्थिक समानता लाने में मदद की है, बैंकों पर से बोझ कम किया है और लेनदेन को चंद सेकंड्स का काम बना दिया है। सबसे बड़ी बात कि इससे लेनदेन पर आम जनता को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता।

दूसरे भी मुरीद: कुछ तकनीकी खामियों के बावजूद UPI जैसा कोई और सिस्टम दुनिया में मौजूद नहीं, जो इतनी बड़ी आबादी के बीच काम कर सके। यही वजह है कि फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, मॉरिशस समेत सात देश इसका इस्तेमाल करने लगे हैं और भविष्य में कई और मुल्क भी इससे जुड़ेंगे।

# धोखाधड़ी के केस में फंसे मार्क जुकरबर्ग



फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप जैसे एप्स की पेरेंट कंपनी मेटा के खिलाफ 14 अप्रैल को ट्रायल शुरू हो गया है। US फेडरल ट्रेड कमीशन यानी FTC ने मेटा और इसके फाउंडर मार्क जुकरबर्ग पर सोशल मीडिया में एकाधिकार यानी मोनोपॉली और इसके गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया है। ये आरोप इतने गंभीर हैं कि 1.3 ट्रिलियन डॉलर की मेटा का बंटवारा तक हो सकता है। करीब 17 हजार करोड़ यूजर्स वाला वॉट्सएप और इंस्टाग्राम बिक सकता है।

9 दिसंबर 2020 को अमेरिका की फेडरल ट्रेड कमीशन यानी FTC और 46 राज्यों ने वॉशिंगटन डीसी की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मेटा के खिलाफ दो अलग-अलग मुकदमे दायर किए, जिसमें कहा गया...

2012 में मेटा (तब फेसबुक) ने इंस्टाग्राम को 1 बिलियन डॉलर में खरीदा था। उस समय इंस्टाग्राम तेजी से बढ़ रहा फोटो शेयरिंग एप था, जिसे मेटा ने अपने प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ा।

2014 में मेटा ने पॉपुलर मैसेजिंग एप 'वॉट्सएप' को 19 बिलियन डॉलर में खरीदा। इसके जरिए मेटा ने मैसेजिंग मार्केट में धाक जमाई। इस खरीद का मकसद कॉम्पिटिशन को कम करना था, न कि प्लेटफॉर्म को बेहतर करना। मेटा ने गलत तरीकों से सोशल मीडिया और मैसेजिंग मार्केट पर कब्जा किया। साथ ही सोशल मीडिया पर अवैध एकाधिकार यानी मोनोपॉली कर अन्य छोटी कंपनियों को दबा दिया।

पहला मुकदमा FTC ने दायर किया

जून 2021 में जज जेम्स बोसबर्ग ने FTC के मुकदमे को खारिज कर दिया था। तब FTC साबित नहीं कर पाई कि मेटा के पास सोशल नेटवर्किंग बाजार में एकाधिकार था। जज ने कहा, 'FTC ने मार्केट शेयर के सही आंकड़े नहीं दिए।'

अगस्त 2021 में FTC ने फिर से केस दायर किया और सबूत दिया कि 2018 में मेटा का सोशल नेटवर्किंग मार्केट में 60% से ज्यादा हिस्सा था। मेटा ने जानबूझकर स्नैपचैट जैसे कॉम्पिटिटर्स को दबाया। इस मुकदमे को कोर्ट ने मंजूर कर आगे बढ़ा दिया। इसका पहला ट्रायल 14 अप्रैल 2025 को वॉशिंगटन डीसी की कोर्ट में हुआ।

दूसरा मुकदमा 46 राज्यों ने दायर किया

वॉशिंगटन डीसी, गुआम, अलास्का और कैलिफोर्निया जैसे 46 राज्यों की ओर से न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स ने केस लड़ा। FTC की तरह, इन राज्यों ने भी कहा कि मेटा ने इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की खरीद के जरिए अवैध एकाधिकार बनाया।

जून 2021 में जज बोसबर्ग ने इस मुकदमे को भी खारिज कर दिया। जज ने कहा कि राज्यों ने मुकदमा दायर करने में देर कर दी, जबकि इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की खरीद को 8-10 साल गुजर चुके थे और कानूनी समय सीमा खत्म हो गई थी। राज्य यह साबित नहीं कर पाए कि मेटा की पॉलिसी से उनके नागरिकों को सीधा नुकसान हुआ या नहीं।

FTC ने मेटा पर 4 बड़े आरोप लगाए हैं...

1. मेटा की Buy-or-Bury स्ट्रैटजी: मेटा ने अपनी कॉम्पिटिटर कंपनियों को खरीद लिया या उन्हें बाजार से बाहर कर दिया। मेटा को लगा कि इंस्टाग्राम फेसबुक के लिए खतरा बन सकता था, इसलिए इंस्टाग्राम को खरीदकर अपने प्लेटफॉर्म में शामिल कर लिया। FTC ने कहा कि मेटा के पास सोशल नेटवर्किंग मार्केट का बड़ा हिस्सा था। मेटा ने नई कंपनियों के लिए मुकाबला करना मुश्किल कर दिया।

2. कॉम्पिटिटर्स को बढ़ने से रोका: मेटा ने छोटी कंपनियों को बढ़ने से रोका। इससे यूजर्स को नए सोशल मीडिया एप्स के ऑप्शन नहीं मिले। मेटा ने स्नैपचैट जैसे कॉम्पिटिटर्स को कमजोर करने की कोशिश की और अन्य एप्स के फीचर्स कॉपी कर इंस्टाग्राम पर लॉन्च किए।

3. डेटा स्ट्रैटजी से मार्केट पर कंट्रोल: मेटा ने अपनी मर्जी से डेटा स्ट्रैटजी अपनाई और पर्सनल सोशल नेटवर्किंग पर कब्जा किया। इन एप्स पर यूजर्स अपने परिवार और दोस्तों के साथ कनेक्ट होते थे। 2018 में मेटा का सोशल नेटवर्किंग मार्केट पर 60% से ज्यादा कब्जा था।

4. ऐड-मार्केट में मोनोपॉली बनाई: मेटा ने ऐड-मार्केट यानी विज्ञापन बाजार पर कब्जा किया। साथ ही अपनी मर्जी से विज्ञापनों के रेट तय किए, जिससे विज्ञापन देने वाली कंपनियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ी। यह शर्मन एंटीट्रस्ट एक्ट और क्लेटन एक्ट के सेक्शन 7 का उल्लंघन है। ये नियम ऐसी खरीद को रोकता है, जिससे कॉम्पिटिशन कम हो।

इसके अलावा FTC ने मेटा के इंटरनल ई-मेल और डॉक्यूमेंट्स पेश किए। इनमें मार्क जुकरबर्ग के 2012 के वो ई-मेल भी शामिल थे, जिसमें इंस्टाग्राम को खरीदने की जरूरत बताई थी, ताकि यह फेसबुक के लिए खतरा न बने।

मुकदमे में FTC की 3 बड़ी मांगें...

कंपनियों को अलग करना: मेटा को इंस्टाग्राम और वॉट्सएप को बेचने या अलग कंपनियां बनाने का आदेश दिया जाए।

बिना इजाजत की खरीद पर रोक: मेटा को FTC की मंजूरी के बिना ऐसी खरीद करने से रोका जाए, जो कॉम्पिटिशन को कम करती हो।

स्ट्रैटजी में बदलाव: मेटा की उन स्ट्रैटजीज को खत्म किया जाए जो डेवलपर्स या छोटी कंपनियों को दबाती हैं।

वॉशिंगटन डीसी की कोर्ट में मार्क जुकरबर्ग ने 14 अप्रैल को 7 घंटे जवाब दिए और अगले दिन भी ये जारी रहा। अपने पहले ट्रायल में जुकरबर्ग ने मेटा का बचाव करते हुए 5 बड़ी बातें कहीं...

मेटा ने 2012 में इंस्टाग्राम और 2014 में वॉट्सएप को खरीदकर उन्हें बेहतर बनाया। इन खरीदों से दोनों एप्स की पहुंच और फीचर्स बढ़े, जिससे यूजर्स को ज्यादा सुविधाएं मिलीं। इंस्टाग्राम में मेटा ने भारी निवेश किया, जिससे यह एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म बना।

सोशल मीडिया मार्केट में टिकटॉक, यूट्यूब, X, स्नैपचैट, और iMessage जैसे एप्स की वजह से ज्यादा कॉम्पिटिशन है। सोशल मीडिया अब सिर्फ दोस्तों-परिवार से जुड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एंटरटेनमेंट और रिसर्च प्लेटफॉर्म बन गया है, जहां मेटा को कई कंपनियों से मुकाबला करना पड़ता है। इसलिए एकाधिकार यानी मोनोपॉली का आरोप गलत है।

मेटा अपने यूजर्स को फ्री एप्स देती हैं। इन पर दिखाए जाने वाले विज्ञापन के जरिए यूजर्स को नए प्रोडक्ट्स की जानकारी मिलती है। यह कहना गलत है कि यूजर्स को एप पर कम सिक्योरिटी और ज्यादा विज्ञापन मिले।

उस समय इंस्टाग्राम तेजी से बढ़ रहा था, इसलिए टीम को हमेशा बेहतर करने की चुनौती दी जाती थी, न कि सिर्फ प्रतिद्वंद्वियों को खरीदने की। फेसबुक का फोकस समय के साथ बदल गया। अब यह 'डिस्कवरी एंड एंटरटेनमेंट' पर ज्यादा फोकस्ड है।

FTC के 2012 के ई-मेल के आरोप में जुकरबर्ग ने कहा, 'ये बातें उस समय के लिए थीं और अब पुरानी हो चुकी हैं। इंस्टाग्राम को खरीदने का मकसद फेसबुक की मोबाइल स्ट्रैटजी को मजबूत करना था, क्योंकि 2010 के दशक में फेसबुक डेस्कटॉप पर ज्यादा मजबूत था और इंस्टाग्राम मोबाइल में।'

सोशल मीडिया पर एकाधिकार यानी मोनोपॉली करना अवैध है क्योंकि यह कॉम्पिटिशन को सीमित करता है। यूजर्स को नुकसान पहुंचाता है और नए एप्स को बढ़ने से रोकता है।

एकाधिकार की वजह से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर्स के डेटा पर पूरा कंट्रोल कर सकते हैं, जिससे डेटा के लीक होने का खतरा रहता है।

एकाधिकार से सोशल मीडिया पर अन्य प्लेटफॉर्म्स के लिए एंट्री करना मुश्किल हो जाता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेज की कीमतें बढ़ा सकते हैं, जिससे यूजर्स को नुकसान हो सकता है।

नए और बेहतर प्रोडक्ट्स और सर्विसेज को लॉन्चिंग का मौका नहीं मिलता।

उदाहरण से समझें- किसी शहर में किराने की एक बड़ी दुकान है, जो सारी चीजें बेचती है। अगर वह दुकान छोटी दुकानों को खरीद ले या उन्हें बंद करवा दे, तो ग्राहकों के पास कोई दूसरा ऑप्शन नहीं बचेगा। वे उसी बड़ी दुकान से मनमाने दामों पर सामान खरीदने को मजबूर होंगे। FTC का कहना है कि मेटा ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग बाजार में ऐसा ही किया।

## पर्यावरण

विकेश कुमार बडोला



## प्राकृतिक असंतुलन को लेकर गंभीर हो मनुष्य

जहां राजधानी और महानगरों वाला भारत न्यायालयों के जंजाल में फंसा हुआ है, वहीं प्राकृतिक असंतुलन समानांतर रूप में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विनाश-लीला रचने में लगा हुआ है। 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के रामबन जनपद में सूर्योदय से पहले हुई तीव्र वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई। बाढ़ की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और बाढ़ में फंसे सौ से अधिक लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नाशरी और बनिहाल के बीच बारह से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मृदाधंसाव और भारी पत्थर गिरने-लुढ़कने की घटनाएं हुईं। ढाई सौ किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री और वाहन चालक फंसे हुए हैं। समीप ही स्थित ग्लेशियर सुरंग के अंदर-बाहर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सुरंग सहित लगभग तीन किलोमीटर राजमार्ग की पृष्ठभूमि में स्थित पूरा पर्वत भरभराकर धंस गया। इसके बाद राजमार्ग का दूसरा हिस्सा धंसाव के बाद बहे पर्वतों के मलबे के साथ सरपट खाई में बदल गया है। घटना के चलचित्र देखकर प्राकृतिक आपदा की गंभीरता भली-भांति समझी जा सकती है। जलवायु की निरंतर विकृत एवं विनाशक होती स्थितियों की भी हमारे द्वारा अनदेखी की जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ दिनों के लिए स्थितियां सामान्य होते ही हम पिछला सब कुछ भूल जाते हैं और फिर जलवायु असंतुलन के कारण एक नई दुर्घटना घट जाती है। विगत कई दशकों से हिमालयी पर्वत क्षेत्र में यही हो रहा है। विद्युत उत्पादन के लिए बांधों के निर्माण, पर्यटन में वृद्धि हेतु रहने-घूमने की संरचनाओं के निर्माण और इन निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने व इनके भोगोपभोग के लिए इन तक जाने-पहुंचने हेतु मार्गों के निर्माण के कारण पर्वतों की प्राकृतिक शक्ति समाप्त हो चुकी है। पर्वतों पर विकास के परिणामस्वरूप बढ़े आवागमन, भारी मोटर वाहनों के चालन-परिचालन और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी करने के लिए विस्फोटकों की सहायता से तोड़े गए पर्वतीय पठार पारस्परिक नैसर्गिक पर्वत-बंधन से मुक्त हो चुके हैं। विभिन्न पर्वतीय भाग अब पारस्परिक अवलंबन की अवस्था से पृथक हो चुके हैं। इसीलिए उनमें अत्यधिक या तीव्र वर्षण का भार वहन करने का शक्तिगुण नहीं बचा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में माह डेढ़ माह के अंतराल में कोई न कोई प्राकृतिक विपदा घट ही रही है। यह घटनाक्रम तीन-चार दशकों से निरंतर चला आ रहा है और विगत दस-पंद्रह वर्षों में तो ऐसी घटनाएं भयंकर रूप में घटी हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक परिव्याप्त हिमालयी गिरिमाला पर आधुनिक विकास के कारण पड़ने वाले जो भी प्रतिकूल प्रभाव हैं, वे पर्वतों के सबसे ढलान वाले अंशों पर अधिक हैं। उत्तराखंड में सर्वाधिक पर्वत-विचलन हुआ है। इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बीच स्थित हिमाचल प्रदेश में अधिक पर्वतीय अस्थिरताएं हो रही हैं। पर्वतों के सर्वाधिक निचले और मध्य भाग में दीर्घ समय तक होने वाले ऐसे विचलनों व अस्थिरताओं के कारण एक दुर्भाग्यशाली दिन वह भी आएगा जब जम्मू-कश्मीर में स्थित हिमालय का सर्वोच्च शिखर जलवायु असंतुलन का अकल्पनीय विनाश झेलेगा। क्या इससे सुरक्षित रहने के लिए भारत और हिमालय पट्टिका के दोनों ओर स्थित देशों की कोई तैयारी है? संभवतः कोई तैयारी नहीं है और ना ही हो सकती है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर केंद्रित दुनिया हर संभव औद्योगिक व भौतिक अनुसंधान कर देना चाहती है। फिर चाहे इसके लिए समग्र पृथ्वी की पूरी प्रकृति ही ध्वस्त क्यों न हो जाय। कुछ देश तो इस संबंध में दिखावटी-बनावटी चिंता भी नहीं कर रहे। वे तो निर्मम आधुनिकता पर सवार होकर पृथ्वी से अंतरिक्ष तक विस्तारित क्षेत्र को वैज्ञानिक प्रयोगों से इस सीमा तक अप्राकृतिक कर चुके हैं कि संवेदनशील व्यक्ति को यदि आंख उठाकर आकाश की नीलिमा देखने की इच्छा होती है तो वायुमंडल में पसरी हुई मटमैली कुरूपित धुंध उसे दुखित आहें भरने को ही विवश करती है। अधिसंख्य मनुष्यों को असंतुलित जलवायु के कारण उत्पन्न ऐसे वातावरण के बारे में कोई स्वाभाविक समझ ही नहीं है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण आए दिन वे किसी न किसी असाध्य रोग से ग्रस्त ही रहते हैं मनुष्य चाहे साधारण व्यक्ति, नागरिक, पारिवारिक सदस्य के रूप में हो अथवा विद्वान, पदाधिकारी या धन-संसाधन संपन्न विशिष्ट व्यक्ति के रूप में, उसे गंभीर होकर यह जान लेना होगा कि अंधाधुंध आधुनिक विकास आने वाले कुछ वर्षों में महाविनाश का ही पर्याय होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मर्यादा के दायरे में कर्तव्यों का पालन




संकलित

दर्शन

भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा के दायरे में रहकर कर्तव्यों का पालन करने की सीख देता है। उनके जीवन से हम कई चीजों की प्रेरणा ले सकते हैं, जो जीवन में हमें सही मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने कठिन से कठिन हालातों में भी आत्मसंयम, धैर्य और साहस से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कभी भी क्रोध में आकर कोई निर्णय नहीं लिया, बल्कि हर चुनौती का सामना शांति और विवेक के साथ किया। श्रीराम अपने वचनों के प्रति अत्यंत निष्ठावान थे। उन्होंने जीवन भर अपने वचनों और दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन किया। वनवास के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता ने सिर्फ कंद-मूल और फल खाकर जीवन बिताया। उन्होंने कभी भी मांसाहार या तामसिक भोजन को नहीं अपनाया। शबरी के प्रेमपूर्वक दिए बेर भी उन्होंने आदरपूर्वक ग्रहण किए। राजसी वैभव छोड़कर वनवास के समय भगवान राम ने तपस्वियों का वेश धारण किया। उन्होंने सादगी से जीवन जिया जहां जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम हर कार्य सोच-समझकर और पूर्व नियोजन के साथ करते थे। माता सीता को वापस लाने के लिए उन्होंने समुद्र पार करने हेतु रामसेतु का निर्माण कराया, जो उनके रणनीतिक कौशल को दर्शाता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में अनेक जनजातीय और वनवासी समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। शबरी, केवट और अहिल्या जैसे प्रसंग उनके करुणा और सेवा भाव को दर्शाते हैं।

## ऐसे लोगों से कभी न करें दुश्मनी



संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजा और सत्ताधारी या शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता नहीं करनी चाहिए। आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो बड़े राजनीतिक नेताओं या प्रशासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अनबन करने से गंभीर नुकसान हो सकता है, क्योंकि जिनके पास अधिकार होते हैं, वे परिस्थितियों को अपने अनुरूप मोड़ सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार धनवान व्यक्ति से शत्रुता करना भी अपने लिए नुकसानदायक होता है। धन से व्यक्ति की शक्ति बढ़ती है और इससे वह दूसरों पर अधिक हावी होने की क्षमता रखता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शारीरिक या मानसिक रूप से बलवान व्यक्ति से टकराव मोल लेना हानिकारक हो सकता है। ऐसा व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसलिए ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। धन और बल में श्रेष्ठ व्यक्ति से शत्रुता करना अनावश्यक संकट को आमंत्रित करने जैसा है। चाणक्य की इन नीतियों का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल बना सकता है। उनके विचारों को समझना और व्यवहार में लाना, जीवन में संतुलन और समृद्धि लाने में सहायक हो सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*-विजय कुमार सेन*

## करंट अफेयर

### व्यापार के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को किया परिभाषित

सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और व्यापार समझौतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को परिभाषित किया। आयातकों को शुल्क रियायतें पाने के लिए एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार से किसी उत्पाद का प्रमाण या उत्पत्ति का प्रमाण पत्र लेना होगा। राजस्व विभाग के परिपत्र के अनुसार, उत्पत्ति के प्रमाण का अर्थ है कि व्यापार समझौते के अनुसार जारी किया गया प्रमाण पत्र या घोषणा, जिससे यह प्रमाणित होता है कि माल उत्पत्ति के देश के मानदंडों को पूरा करता है। उत्पत्ति का प्रमाण पत्र उन देशों को निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिनके साथ भारत के व्यापार समझौते हैं। एक निर्यातक को आयात करने वाले देश के बंदरगाह पर प्रमाण पत्र जमा करना होता है। मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क रियायतों का दावा करने के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। इस प्रमाण पत्र से यह पता चलता है कि माल मूल रूप से कहां से आया है। इस कदम पर टिप्पणी करते हुए परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि सीमा शुल्क परिपत्र के जरिये मूल प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को साबित करने के लिए अच्छी तरह परिभाषित तंत्र और एक मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई है।



## ऑफ बीट

### वृद्धों को अस्पताल में भर्ती होने 45 किमी तक की यात्रा

भारत में वृद्धों को बाह्य-रोगी सेवाओं के लिए 15 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ सकती है तथा अस्पताल में भर्ती होने के लिए लगभग 45 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ सकता है। यह जानकारी एक नए शोध से मिली है। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित अनुमानों में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता भी दिखाई गई है। इसके मुताबिक, शहरी बुजुर्गों को 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर बाह्य-रोगी सुविधाएं मिल जाती हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वृद्धों के लिए यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोधकर्ताओं ने 2017-2018 में भारत के अनुदैर्ध्य आयु अध्ययन (एलएएसआई) की पहली लहर के दौरान एकत्र किए गए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 32,000 वृद्धों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। भारत में करीब 13.8 करोड़ बुजुर्ग हैं। जब स्वास्थ्य सुविधाएं 10 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध थी तो बाह्य-रोगी और अस्पताल में भर्ती होने, दोनों प्रकार की सेवाओं का इस्तेमाल करने की दरें उच्च थी, जो क्रमशः 73 प्रतिशत और 40 फीसदी थी।



## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण

इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दिल्ली के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हम जलवायु जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### हर बच्चे को शिक्षा

जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### थोरियम से बनाएं बिजली

आने वाले दिनों में, भारत में बिजली का सबसे ज्यादा कन्जम्प्शन होगा। सबको सस्ती बिजली चाहिए। ईश्वर ने हमें न्यूक्लियर पॉवर का ईंधन, "थोरियम", बहुत बड़ी मात्रा में दिया है। थोरियम को यूज करके सस्ती बिजली बन सकती है। ये छोटे रिएक्टर जगह भी कम लेते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



### माफी मांगता हूं

मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मैं तहेदिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था।

-अनुराग कश्यप, फिल्मकार



रॉयल पत्रिका

# राज्य सरकार कार्मिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के प्रति संवेदनशील

## - 57 हजार बिजली कार्मिकों को मिलेगा एक करोड़ रुपए तक का बीमा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सरकारी कार्मिकों एवं उन पर आश्रित परिवारजनों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। हमने कार्मिकों को सुरक्षित भविष्य देने और उनके कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ऊर्जा तंत्र को सुदृढ़ बनाना तथा आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित भारतीय स्टेट बैंक और विद्युत निगमों के बीच एमओयू आदान-प्रदान तथा ऐप लॉन्चिंग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 8 करोड़ प्रदेशवासियों को सुशासन देने में राज्य कर्मचारी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। विकसित और खुशहाल राजस्थान के लक्ष्य के लिए कार्मिक समर्पण एवं सेवाभाव के साथ कार्य कर रहे हैं। इसलिए ये महत्वपूर्ण एमओयू कार्मिकों को सुरक्षित भविष्य देने के राज्य सरकार के उद्देश्य की पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे।

**57 हजार बिजली कार्मिकों को मिलेगा एक करोड़ रूपए तक का बीमा कवर-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की बिजली कंपनियों में करीब 57 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। विद्युत उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक सतत् एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इन कंपनियों के तकनीकी कर्मचारी दिन-रात जोखिम भरी परिस्थितियों में कार्य करते हैं। विद्युत कार्य करते समय वे कई बार दुर्भाग्य से हादसे के शिकार हो जाते हैं। ऐसी विषम परिस्थितियों में विकलांगता एवं अशक्तता के के साथ ही असमय ही जान तक चली जाती है, जिसके लिए वर्तमान में अधिकतम क्षतिपूर्ति 20 लाख रुपये तक मुहैया करवाई जा रही है।

शर्मा ने कहा कि आज हमने जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण कंपनियों, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के कार्यरत सभी विद्युतकर्मियों को बीमा उपलब्ध कराने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू का आदान-प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि इन एमओयू के तहत विद्युतकर्मियों की व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने या स्थायी निशक्तता की स्थिति में एक करोड़ रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा उपलब्ध होगा। वहीं आंशिक रूप से अशक्तता की स्थिति में 80 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये के सामूहिक सावधि जीवन बीमा के साथ ही अन्य आर्थिक सहायता एवं सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल भारत की संकल्पना को मिलेगी मजबूती-**

मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम में विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा जेईएन साइट वेरीफिकेशन और ऐस्टीमेशन मोबाइल एप्लीकेशन तथा सब स्टेशन मॉनिटरिंग एप्लीकेशन भी लॉन्च किए। उन्होंने कहा कि इससे पेपरलेस सिस्टम को बढ़ावा मिलने के साथ ही यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की डिजिटल भारत की संकल्पना को भी मजबूती मिलेगी। शर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार जनसेवा के लिए पूरी तरह समर्पित है और हम आगे भी प्रदेश के चहुंमुखी विकास और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

**राज्य सरकार पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त वित्तीय भार-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन एमओयू से राज्य सरकार अथवा ऊर्जा कंपनियों पर बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय भार के कर्मचारियों एवं उन पर आश्रित परिवारजनों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा और मजबूत हो सकेगी। बैंक द्वारा न तो ऊर्जा कंपनियों से और न ही कर्मचारियों से कोई राशि ली जाएगी। इस बीमा का प्रीमियम एसबीआई स्वयं वहन करेगा।

**उपभोक्ताओं को पारदर्शिता के साथ मिलेगी बेहतर सेवाएं -**

विद्युत निगमों द्वारा लॉन्च दो नए ऐप के माध्यम से प्रदेश के उपभोक्ताओं को पारदर्शिता के साथ बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित होंगी। जेईएन साइट वेरीफिकेशन मोबाइल एप्लीकेशन से साइट वेरीफिकेशन तथा एस्टीमेट तैयार करने की प्रक्रिया जेईएन द्वारा सरल, शीघ्र और पारदर्शी तरीके से सम्पादित की जा सकेगी। इससे उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन शीघ्र जारी हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त सब स्टेशन मॉनिटरिंग एप्लीकेशन को ग्रिड सब स्टेशनों की मॉनिटरिंग के लिए तैयार किया गया है। इससे विद्युत आपूर्ति के सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी तंत्र 33/11 जीएसएस में मैटेरियल की उपलब्धता तथा आवश्यकता का सही आकलन कर पाएंगे।

इस दौरान डिस्कॉम्स की तरफ से चेयरमैन डिस्कॉम्स सुश्री आरती डोगरा, प्रसारण निगम की तरफ से प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, उत्पादन निगम की तरफ से सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी और भारतीय स्टेट बैंक की ओर से महाप्रबंधक एसबीआई प्रबुद्ध कुमार ने एमओयू एक्सचेंज किए।

कार्यक्रम में ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर तथा अजमेर एवं जोधपुर डिस्कॉम के एमडी वीसी के माध्यम से जुड़े।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय, ऊर्जा विभाग तथा भारतीय स्टेट बैंक के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# 15 बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 निजी खातेदारी की करीब 15 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-4 गैर अनुमोदित योजना लाल बहादुर नगर के भूखण्ड संख्या 12, 13 में बिना एकीकरण कराये दोनो भूखण्डों को मिलाकर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ किये गये अवैध निर्माण की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन-8 जगदीश कॉलोनी में द्रव्यवती नदी के पास अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन- जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सीकर रोड़, मंगलम सिटी राजावास के पीछे, जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "विजेन्द्र एन्कलेव" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चौमू, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "आनन्द लोक द्वितीय" के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जाहोता,

जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जय जवान मार्ग के पास गैर अनुमोदित योजना लाल बहादुर नगर के भूखण्ड संख्या 12, 13 में बिना एकीकरण कराये व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 23.04.2025 को उक्त व्यवसायिक अवैध निर्माण के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवार चुनवाकर, गेट पर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जगदीश कॉलोनी में द्रव्यवती नदी के पास सीमेन्ट के ब्लॉक से कोठरीनुमा अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, चतुर्थ, प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 04, 08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 116 आज तक कुल 499 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# कृषि विभाग द्वारा तीन दिवसीय ओरियंटेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक रसायन उपलब्ध कराने और कृषि आदानों यथा उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी रसायनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा जयपुर में गुण नियंत्रण निरीक्षकों की कार्य क्षमता में वृद्धि के लिए तीन दिवसीय ओरियंटेशन ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पूरे प्रदेश से 65 गुण नियंत्रण निरीक्षकों द्वारा भाग लिया गया।

कार्यशाला में निरीक्षकों को यूरिया डायवर्जन पर नियंत्रण, कृषि आदानों की गुणवत्ता नियंत्रण, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की जानकारी दी गई।

**उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 -** भारत में उर्वरकों के उत्पादन और बिक्री को विनियमित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कानून है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत जारी किया गया है। इसका उद्देश्य सभी किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध कराना तथा समान वितरण सुनिश्चित करना है।

ओरियंटेशन कार्यशाला में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के सेम्पलिंग लेने की जानकारी दी गई। जैविक खेती में गुणवत्ता नियंत्रण, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य और मानव स्वास्थ्य पर भी जोर दिया गया। जैविक खेती में गुणवत्ता नियंत्रण जैविक मानकों के अनुरूप उत्पादों का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। कीटनाशक अधिनियिम 1968 की भी जानकारी दी गई।

**कीटनाशक अधिनियम 1968 -** इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य मनुष्य व जानवरों के लिए जोखिम को कम करते हुए कीटनाशकों के आयात, निर्माण, बिक्री, परिवहन, वितरण और उपयोग को नियंत्रित करना है। इस अधिनियम के अनुसार किसी भी कीटनाशक को बाजार में बेचने से पहले उसका पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। कीटनाशकों के निर्माण एवं बिक्री के लिए लाईसेन्स लेना होगा। अधिनियम नकली व निम्न गुणवत्ता वाले कीटनाशकों को बाजार में बिक्री करने से रोकता है।

कार्यशाला में निरीक्षकों को कीटनाशी प्रशिक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण करवाकर कीटनाशी नमूनों के विश्लेषण की जानकारी दी गई। बीज परीक्षण प्रयोगशाला में बीज के नमूनों के विश्लेषण की और उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला में उर्वरकों नमूनों के विश्लेषण की जानकारी दी गई।

# कृषि विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में बुधवार को कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं के अनुसार सभी योजनाओं को तय समयावधि में पूर्ण करें।

शासन सचिव ने कहा कि बजट में शामिल घोषणाओं के क्रियान्वयन में आ रही परेशानियों को दूर कर प्रभावी रूप से धरातल पर लागू करें। योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कृषकों को लाभ पहुंचाये, जिससे किसान योजनाओं का लाभ लेकर अपनी पैदावार में वृद्धि कर सकेंगे।

बैठक में फार्म पौण्ड, डिग्गी, सिंचाई पाईप लाईन, कृषि यंत्र, तारबंदी, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, बीज मिनिकिट वितरण सहित अन्य योजनाओं पर विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

राजन विशाल ने सभी अधिकारियों को ई-फाईल निस्तारण का औसत समय और कम करने के लिए कहा। सभी सीनियर अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का ई-फाईल डिस्पोजल टाईम समय-समय पर चैक करने के निर्देश प्रदान किये।

बैठक में आयुक्त कृषि सुश्री चिन्मयी गोपाल, निदेशक आत्मा डॉ. सुवालाल जाट, वित्तीय सलाहकार कृषि अचलेश्वर मीना, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) एस.एस. शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल जाट, अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन) डॉ. हुशियार सिंह सहित सम्बन्धित योजना प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान विधानसभा का सदन, भवन और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का किया अवलोकन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। केरल विधान सभा की वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी समिति ने बुधवार को राजस्थान विधान सभा का अध्ययन भ्रमण किया। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने समिति के सभापति और सदस्यों का स्वागत किया।

देवनानी ने राजस्थान विधान सभा आये केरल की समिति के सभापति को विधान सभा का साहित्य भेंट किया। केरल समिति के सभापति ने अध्यक्ष देवनानी को शॉल एवं केरल विधान सभा का साहित्य भेंट किया। केरल की इस समिति के सदस्यों के साथ देवनानी ने दोनों राज्यों की विधायी व्यवस्थाओं और परंपराओं पर चर्चा की। देवनानी राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की जानकारी दी। केरल की समिति के सदस्यों ने राजस्थान विधानसभा में किए गए विधायी नवाचारों को बेहतर बताया।

देवनानी ने कहा कि देश की विभिन्न राज्यों की विधान मंडलों की समितियो के अध्ययन भ्रमण से विधान मंडलों की कार्य प्रणाली और विधायी प्रक्रियाओं में किए जा रहे नवाचारों को साझा करने की अभिनव पहल है।

केरल विधान सभा की वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी समिति के अध्यक्ष के.पी. कुन्हम्मदकुट्टी मास्टर के नेतृत्व में समिति के सदस्य अहमद देवरकोइल, जॉब माइकल और माम्मीकुट्टी. पी ने राजस्थान विधान सभा प्रक्रियाओं, कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। समिति ने विधान सभा का सदन, भवन और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी मौजूद थे।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर में किया विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को अजमेर के विभिन्न क्षेत्रों में 265 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनकल्याण, आधारभूत संरचना और जनविश्वास की नींव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने वार्ड नं. 74 की छतरी योजना में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 18 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले सड़क निर्माण एवं वार्ड 74 की रामदेव बस्ती में अनुमानित लागत 14 लाख रुपये के सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इस प्रकार वार्ड 74 के जी-ब्लॉक की गली नंबर 3 और 4 में भी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसकी लागत 13 लाख रुपये है।

इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि शहर की हर गली तक पक्की सड़क पहुंचे। इससे कोई नागरिक मूलभूत सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। यह केवल सड़क नहीं विश्वास का मार्ग है। जनता और जनप्रतिनिधि के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त विधायक कोष से अजमेर के वार्ड नं. 77 वैशाली नगर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया गया। इस भवन की लागत 25 लाख रुपये है। देवनानी ने कहा कि यह भवन ईंट और पत्थर की संरचना होने के साथ सेवा,

सहयोग और संगठन का प्रतीक है। यह स्थान सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक नया केंद्र बनेगा। इससे क्षेत्र के लोगों को एकजुट होकर मांगलिक एवं रचनात्मक कार्यों के आयोजन की सुविधा मिलेगी।

विकास कार्यों की श्रृंखला में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा वरुण सागर रोड स्थित रामेश्वरम स्कूल से ग्राम बोराज की ओर जाने वाले नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया।

इस नाले की लागत 195 लाख रुपये है। देवनानी ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छता और सुरक्षा शहर के विकास के दो मजबूत स्तंभ हैं। यह निर्माण कार्य जलभराव की समस्या को स्थायी रूप से समाप्त करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है आज विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ और लोकार्पण किया गया। हम सबका कर्तव्य है कि मिलकर एक स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध अजमेर का निर्माण करें।

# पहलगाम हमले में आतंकी हमले की करी कड़ी निंदा

## -टीम ने दो मिनट का मोन रख रणथंभौर सर्किल पर मृतकों को दी श्रद्धांजलि




सवाई माधोपुर। जिला मुख्यालय पर संचालित टीम वतन फाउंडेशन हमारा पैगाम भाईचारे के नाम द्वारा शाम को रणथंभौर सर्किल पर जम्मू कश्मीर पहलगाम आतंकियों के हमले में मृतकों के लिए एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।जिसको लेकर टीम वतन फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों ने हाथों में मोमबत्ती जलाकर आतंकी हमले के मृतकों श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मोन रख उनकी आत्मा की शांति की दुआ करी। टीम वतन फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा दिनांक 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए सभी लोगों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई।फाउंडेशन के अध्यक्ष सचिव सुनीता मधुकर ने कहा कि जिस तरह जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए लोगों पर आतंकियों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया यह बहुत निंदनीय घटना हे। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक जुट होकर आतंकवाद ओर मानवता के हत्यारों के खिलाफ देश को एकजुट होना चाहिए। फाउंडेशन के प्रवक्ता मोईन खान ने कहा कि आज देश एक नाजुक ओर ग़महीन दौर से गुजर रहा हे।जिसको राष्ट्रीय शोक दिवस भी रखा गया हे।उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में हम सभी को एकजुट होकर आतंकवाद ओर मानवता के दुश्मन जो नफरती सोच रखते हे उनका समाधान करना चाहिए ताकि देश खुशहाल रहकर तरक्की करता रहे।

# 'हरियालो राजस्थान'के तहत वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

## - इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अपर्णा अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम'अभियान से प्रेरणा लेते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में 'हरियालों राजस्थान'अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य राज्य को हरित, स्वच्छ और जलवायु अनुकूल बनाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

श्रीमती अरोरा बुधवार को शासन सचिवालय में 'हरियालों राजस्थान'के तहत इस वर्ष किये जाने वाले वृक्षारोपण के कार्यों की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं,ताकि वृक्षारोपण के कार्य समयबद्ध एवं सफलता पूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि पौधारोपण को केवल एक लक्ष्य की पूर्ति न मानते हुए, प्रत्येक पौधे को वृक्ष बनने तक संरक्षण देने की जिम्मेदारी के साथ काम करें।

**जियो-टैगिंग से सुनिश्चित होगी निगरानी**

उन्होंने कहा कि 'हरियालो राजस्थान'मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो-टैगिंग की जाएगी,जिससे उनकी निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी समय रहते इस एप्लिकेशन का प्रशिक्षण प्राप्त करें।

**नवाचार और तकनीक का हो अधिकतम उपयोग**

वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इस अभियान को नवाचार, आधुनिक तकनीकों और जनसहभागिता के माध्यम से जनांदोलन बनाया जाए। नदियों के किनारों, औद्योगिक क्षेत्रों में अपशिष्ट जल के आसपास, विद्यालयों, अस्पतालों तथा नगरीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण को प्राथमिकता दी जाए।

**क्षेत्रीय अनुकूलता के अनुसार पौधों का चयन**

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवार जलवायु और मिट्टी की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए जीवित रहने की अधिक संभावना वाले पौधों का चयन किया जाए। साथ ही, पौधों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित करने के लिए नर्सरियों को भी अग्रिम रूप से तैयार किया जाए।

बैठक में बताया गया कि इस अभियान को जनसामान्य से जोड़ते हुए सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह महज एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर जनांदोलन बने।

बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वायत्त शासन, कृषि एवं उद्यानिकी, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, खान,पुलिस, सेना, उद्योग,वन, एनएचएआई, जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# रणा और सम्मान: उदयपुर में मदर्स डे का होगा भव्य आयोजन



उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आगामी 10 मई 2025 को गीतांजलि हॉस्पिटल में प्रेक्षा एंटरटेनमेंट के साथ मातृत्व दिवस के उपलक्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, यह खबर सुनकर और भी खुशी हुई। यह दर्शाता है कि उदयपुर में यह मुहिम लगातार जारी है और महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। मदर्स डे पर मातृत्व को सलाम करने का यह विशेष कार्यक्रम के क्रम में ऐश्वर्या एजुकेशन सोसाइटी की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सीमा शिंग के नेतृत्व में किया गया, वाकई में एक शानदार पहल है। उदयपुर में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, और डॉ. सीमा शिंग और उनकी सोसाइटी का यह प्रयास सराहनीय है।

रोटरी मीरा उदयपुर की अध्यक्ष प्रीति सोगानी और राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. सुषमा कुमावत की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की महत्ता और भी बढ़ा दी। उनका मातृशक्ति और महिला सशक्तिकरण पर ज़ोर देना समाज के लिए एक प्रेरणा है। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और सम्मान समारोह निश्चित रूप से इसे और भी यादगार बना देंगे। यह देखकर अच्छा लगा कि उदयपुर में इस तरह के सार्थक और प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

# जीएमसीएच की डॉ. नलिनी शर्मा को अंतरराष्ट्रीय फैलोशिप सम्मान व एआईआईएमएस ऋषिकेश में शोध प्रस्तुति दी



उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (GMCH), की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नलिनी शर्मा को मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अंतरराष्ट्रीय फैलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह दो वर्षीय अंतरराष्ट्रीय कोर्स फिलाडेल्फिया स्थित एफएआईएमईआर (FAIMER - Foundation for Advancement of International Medical Education and Research) द्वारा CMCL-FRI लुधियाना में आयोजित किया जाता है।

यह फैलोशिप इंटेल्थ (Intealth) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं एफएआईएमईआर ग्लोबल के वरिष्ठ निदेशक डॉ. रश्मि व्यास तथा ल्यूबा कोनोपासेक, एम.डी. (Lyuba Konopasek, MD) – जो इंटेल्थ की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और एफएआईएमईआर की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं – की उपस्थिति में प्रदान की गई।

डॉ. नलिनी शर्मा ने तत्पश्चात ऋषिकेश AIIMS में आयोजित सिमुलकॉन 2025 (Simulcon 2025) में जीएमसीएच में किए गए सिमुलेशन द्वारा प्रशिक्षण पर आधारित एक विशेष अध्ययन प्रस्तुत किया। इस शोध कार्य को चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया।

# सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा बारां पहुँची, पॉलीटेक्निक छात्रों ने की सड़कों की जांच



बारां, (रॉयल पत्रिका)। सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं निदेशालय तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सड़क गुणवत्ता निरीक्षण (सगुनी) यात्रा बुधवार को बारां जिले में पहुँची। राजस्थान में सड़कों की गुणवत्ता जांच और रख रखाव में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए एक विशेष पहल की शुरुआत की गई है। अधीक्षण अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा (सगुनी) का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों की दोष निवारण अवधि में संवेदकों द्वारा किए जा रहे रखरखाव का मूल्यांकन करना है।

यह कार्य राज्य के विभिन्न पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार किया जा रहा है।

राजवीर सिंह ने कहा कि यात्रा का बारां प्रवास के दौरान राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही, सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत सुश्री दीप्ति द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

इस यात्रा का संचालन सार्वजनिक निर्माण विभाग की गुण नियंत्रण इकाई के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम मौ विभाग के मुख्य अभियंता (गुण नियंत्रण) जसवंत खत्री, अधीक्षण अभियंता दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सुनील गहलोत, अधिशासी अभियंता वेद प्रकाश उपाध्याय, आर. के. मीणा, पवन सोलंकी, गुण नियंत्रण टीम बीकानेर के सदस्यगण, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बारां के प्राचार्य संजय वावेजा, संयोजक रविकांत व्यास सहित अन्य प्रवक्ता व तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। एक्सईएन हरि प्रसाद मीणा ने बताया कि बारां जिले में दोष निवारण अवधि की सड़कों का मूल्यांकन भी विद्यार्थियों द्वारा सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। यह पहल न केवल सड़कों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में सहायक है, बल्कि तकनीकी छात्रों को व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान कर रही है। यह यात्रा 30 मार्च, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, संवत् 2082 को श्रीगंगानगर जिले के राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित बैठक के साथ आरंभ हुई। यात्रा प्रदेश के 33 जिला मुख्यालयों से होकर गुजरते हुए बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्रीगंगानगर में पूर्ण होगी।

# अतिरिक्त निदेशक ने मेडिकल कॉलेज और सिटी डिपेंसरी का निरीक्षण किया

## -आशाओं को फील्ड में आमजन को जागरुक करने के दिए निर्देश



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य जयपुर डॉ. प्रवीण असवाल ने बुधवार को सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

अतिरिक्त निदेशक ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर प्रबंधन के मुद्दों संबंधित चर्चा की। साथ ही उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांच की। टीकाकरण, रिकॉर्ड, गर्भवतियों की जांच का रिकॉर्ड, दवा की उपलब्धता, स्टॉक और ओपीडी स्लिप की जांच का रिकॉर्ड जांचा, साथ ही उन्होंने ओआरएस कॉर्नर को मेंटेन करने और नियमानुसार ओआरएस को सेवन करने का सही तरीका बताने के निर्देश दिए। सामग्री के साथ दवा और पानी रखने का सुनिश्चित करें। स्टाफ की उपस्थिति और रिक्त पदों की जानकारी भी ली गई।

इसके अतिरिक्त, मौसमी बीमारियों की रिपोर्ट और सर्वेक्षण रिकॉर्ड्स का निरिक्षण, रेबीज के मामलों के लिए उचित वाशिंग एरिया विकसित करने, एएनसी और डिलीवरी सेवाओं, टीकाकरण, मां वाउचर, टीबी मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

अतिरिक्त निदेशक ने एएनएम आशा अहयोगिनियों को फील्ड में सक्रिय रहने के लिए कहा, फील्ड सर्वे के साथ ही हीट वेव से संबंधित प्रचार प्रसार करने, समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मौसमी बीमारियों के प्रति सजग रहने, आमजन को लू तापघात और मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करने और लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए सतर्क रहने के निर्देश दिए।

# पुस्तक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



बारां, (रॉयल पत्रिका)। पुस्तकालय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मीणा ने बताया कि 'पुस्तकें महती प्रतिभाओं के द्वारा मानव जाति के लिए छोड़ी गई पैतृक संपत्ति हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी को सौंपी जाने के लिये है। मानों वे अजन्में व्यक्तियों के लिये दिये गये ज्ञान का उपहार है।' ये विचार विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता आलोक दाधीच ने व्यक्त किए। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया । विशिष्ट अतिथि व्याख्याता मनोज कुमार जैन, पुस्तकालयाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा, वरिष्ठ पाठक बजरंग लाल यादव का पुस्तकालयाध्यक्ष मीणा, वरिष्ठ सहायक रामेश्वर प्रसाद शर्मा, परामर्शदाता हरीश नागर व सहायक राजेंद्र गहलोत ने पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुस्तकालय अध्यक्ष चंद्रमोहन चोरासिया, डॉ. मधुकांत दुबे, लोकेश कुमार सुमन ने कहा कि पुस्तकालय व्यक्ति के ज्ञान का तीसरा नेत्र खोलना है। पाठकों को अप्राप्य, अलभ्य और अप्रकाशित पुस्तकों के दर्शन करवाता है। जिज्ञासुओं की जिज्ञासा शांत करता है। पुस्तकालय जनता की संपत्ति होती है। लेखकों की धरोहर हैं। पाठक उसका ट्रस्टी (न्यासी) है।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बारां की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रतिभा गुप्ता ने एक कदम पुस्तकालय की ओर अभियान शुरू करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुस्तकालय विचारों के भव्य मंदिर होते है विद्वानों के आनंद प्रदाता है। समाज के जिम्मेदार व्यक्तियों, युवाओं, युवतियों को अपने दैनिक जीवन में स्वाध्याय का समय निकालकर अध्ययन करना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि वर्ष 25-26 में 108 वार्षिक सदस्य बन चुके है। 65 से 70 युवक-युवतियां प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतिदिन वाचनालय में बैठकर अध्ययन करते है। इस अभियान के माध्यम से एक सौ लोगों को आजीवन सदस्य बनाने के लिए संपर्क किया जाएगा। विकास समिति के वरिष्ठ सदस्य ओम प्रकाश शर्मा को संयोजक एवं हरीश नागर को सहसंयोजक बनाया गया है।

# बजट घोषणाओं के भूमि चिन्हिकरण का किया अवलोकन

## -गर्मी से राहत के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति के दिए निर्देश



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के तहत खंडार क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडार को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने हेतु चिन्हित भूमि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं जैसे सड़क विस्तार और आधारभूत संरचना विकास की संभावनाओं पर तहसीलदार खंडार पुष्कर सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी के साथ मंथन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर कलक्टर ने सहायक अभियंता कार्यालय, विद्त विभाग खंडार का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को निर्बाध विद्त आपूर्ति तथा शत-प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं को विद्त कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजिका, आवक-जावक रजिस्टर सहित कार्यालय व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच कर दायित्व निर्वहन में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी।

उन्होंने विभागीय कार्मिकों को ट्रांसफार्मरों की समय पर उपलब्धता, विद्त कटौती में सुधार, तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

इसके साथ ही कलक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पीएम कुसुम योजना की प्रगति की जानकारी ली और धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उक्त योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने, शिविरों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने तथा एक सप्ताह में पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में प्रत्येक घर तक गुणवत्तापूर्ण विद्त आपूर्ति सुनिश्चित हो ताकि आमजन बिना किसी असुविधा के दैनिक आवश्यकताओं को सहज रूप से पूर्ण कर सकें।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गिव-अप अभियान से वंचितों को मिल रहा है - न्याय

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत संचालित गिव-अप अभियान' आमजन में व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रहा है। खाद्य मंत्री महोदय के निर्देशानुसार, इस अभियान के अंतर्गत स्वैच्छा से नाम हटवाने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2025 तक बढ़ा दी गई है। अभियान का उद्देश्य है कि वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पहुंच सके और अपात्र परिवार स्वेच्छा से इस योजना से बाहर हों।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिले जो वास्तव में पात्र हैं, ताकि समाज में समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके।


खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत अपात्र माने जाने वाले परिवारों की परिभाषा राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम, 2023 की अनुसूची-1 में स्पष्ट रूप से दी गई है, जिसमें वे परिवार शामिल हैं जिनमें कोई आयकर दाता हो, जिनका कोई सदस्य सरकारी/अर्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्यरत हो, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो, जिनके पास चार पहिया वाहन (ट्रैक्टर आदि को छोड़कर) हो।

जिले में 66 हजार से अधिक लोगों ने छोड़ा योजना का लाभ:- जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि 1 नवम्बर, 2024 से प्रारंभ गिव-अप अभियान में अब तक राजस्थान में 17.63 लाख लोगों ने योजना से स्वेच्छा से नाम हटवाया है। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में 66 हजार 284 लोगों ने इस अभियान के तहत योजना का लाभ छोड़कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालन में 26 जनवरी, 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल पुनः खोला गया, जिसमें अब तक राज्य स्तर पर 20.80 लाख पात्र लोगों को योजना में जोड़ा गया, वहीं सवाई माधोपुर जिले में 43 हजार 436 नए लाभार्थी जोड़े गए हैं। सवाई माधोपुर जिले में 180 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनसे बाजार दर पर वसूली और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षक उचित मूल्य दुकानों पर औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा अपात्र लाभार्थियों की पहचान की जा रही है।

इसके अतिरिक्त, परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामियों का डेटा प्राप्त कर उन्हें भी नोटिस भेजे जाएंगे। जो सक्षम परिवार स्वेच्छा से योजना से बाहर नहीं होंगे, उनसे बाजार दर से वसूली कर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उपभोक्ता स्वेच्छा से अपना नाम हटाने हेतु https://food.rajasthan.gov.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अथवा संबंधित सक्षम प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से भी फॉर्म भरकर नाम हटवा सकते हैं। राज्य सरकार का यह प्रयास एक उत्तरदायी, न्यायसंगत और पारदर्शी शासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# युवा कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाल मृतकों को दी श्रद्धांजलि



शब्बीर हुसैन
कोटा.(रॉयल पत्रिका) जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हमला कर 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया और कई लोग अभी भी घायल है । जिन परिवारों ने अपने लोगों को इस हमले में खोया है युवा कांग्रेस उनके दुःख में उनके साथ हैं । राजस्थान युवा कांग्रेस कोटा परिवार की ओर से मृतकों को श्रद्धांजलि के लिए शाम 7:00 बजे अमर जवान ज्योति पर कैंडल मार्च निकाला गया आतंकवाद का पुतला जलाया गया जिसमें जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोटा मोइनुद्दीन गुड्, जिला महासचिव कांग्रेस विपिन बरथूनिया, पार्षद लेखराज योगी एडवोकेट राजेश कुमार, प्रदेश सचिव अर्जुन बंजारा जगपुरा, जुबेर खान, आमीन रंगरेज, आशिक अली युवा कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

# शहर को स्वच्छ बनाने की अपील पाली को स्वच्छ बनाने में करें सभी सहयोग - कलक्टर मंत्री

पाली, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम पाली अब शहर में कचरा एकत्र करने वाले सभी वार्डों के ऑटो टीपर के माध्यम से स्वच्छता के लिये जागरूक किया जायेगा। जिसमें आमजन द्वारा कचरे को ऑटो टीपर में ही डाले जाने के लिये आग्रह किया गया है।

नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि शहर के सभी आटो टीपर निर्धारित समय पर कचरा संग्रहण करते है लेकिन कुछ लोगों द्वारा आटो टीपर के निकल जाने के बाद कचरा प्लास्टिक आदि नगर निगम के नालों में डाल दिया जाता है जिससे कि ये अवरूद्व हो जाते है, जिससे कि गत साल बारिश में इससे शहर को दिक्कतों को सामना करना पडा था। उन्होंने कहा कि सभी शहर वासी इसमें सहयोग करे अन्यथा कचरा नाले नालियो में डालने वालों पर नियमानुसार प्रतिदिन

एक हजार का जुर्माना व चालान किया जायेगा साथ ही आगे अभियोजन की कार्रवाई भी की जा सकती है।

**जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने की आमजन से स्वच्छता रखने व कचरा ऑटो टीपर में ही डालने की अपील**

कलक्टर मंत्री ने सभी शहरवासियों से शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की और कहा कि शहर को स्वच्छ व साफ सुथरा बनाने में सहयोग करे और कचरा निगम के ऑटो टीपर में ही डाले जिससे कि आने वाले बारिश के दिनों मे शहर को समस्याओं का सामना ना करना पडे और शहर भी साफ बने। उन्होंने कहा कि सभी कहा कि सभी लोग इसमें सहयोग करे व जिस प्रकार हम घर को साफ सुथरा रखतें है उसी प्रकार शहर को भी अपना मानते हुये कचरा आटो टीपर में डाले अन्यथा संबधित पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इसी प्रकार नगर निगम आयुक्त भारद्वाज ने भी आमजन से सहयोग की अपील की है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय प्रात: 7 से 11 बजे तक

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार वर्तमान में हीटवेव की स्थिति के दृष्टिगत जिले के समस्त आंगनबाडी केन्द्रों का समय 23 अप्रैल 2025 से अग्रिम आदेशों तक शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रातः 7 से 11 बजे तक किया जाता है। समस्त मानदेय कर्मी नियमित रूप से निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित रहकर संचालन से संबंधित समस्त गतिविधियों को यथावत संपादित करंगे।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश जारी

पाली, (रॉयल पत्रिका)। बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में आगामी अक्षय तृतीया (आखातीज) 30 अप्रैल एवं पीपल पूर्णिमा 12 मई के दौरान बाल विवाह के आयोजन की प्रबल संभावनाओं को देखते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13(4) तहत जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के अधिकारियों व कार्मिकों को बाल विवाह रोकथाम के आदेश दिए।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी एवं कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने आदेश जारी कर ग्राम व तहसील स्तर पर पदस्थापित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम सेवक ग्राम में नियुक्त बीट कानि. हेल्पर, ए.एन.एम., जी.एन.एम., आंगनवाडी केन्द्र में नियुक्त महिला समन्वयक, प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्थात वो प्रत्येक कर्मचारी शामिल है जो ग्राम के अधीन किसी सरकारी कार्यालय में पदस्थापित है वो किसी बाल विवाह के आयोजन के बारे में किसी प्रकार की जानकारी होने पर तुरन्त इसकी सूचना बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अर्थात उस क्षेत्र के संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट को देने के लिए पाबन्द रहेंगे।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुऐ यह आदेश प्रसारित किया। इस संबंध में विवाह के कार्ड छापने वाले प्रत्येक प्रिन्टिंग प्रेस विवाह का कार्ड छापते समय वर-वधू की आयु के संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त कर अपने पास रखे अथवा उसकी जन्म तिथि कार्ड पर अंकित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी विवाह के प्रयोग में लिये जाने वाले वाहन को परिवहन परमिट देते समय इस बात को प्रमाणित करें कि उक्त वाहन बाल विवाह के उपयोग में नहीं लिया जायेगा।

इस संबंध में आयोजित होने वाले विवाह के दौरान कार्य करने वाले यथा पण्डित, हलवाई, बैण्ड मास्टर, टैण्ट मालिक, फोटोग्राफर, प्रिंटिंग प्रेस आदि को अनुबंधित करने पर उनके द्वारा एक परिवचन (अण्डर टेकिंग) संलग्न प्रपत्र में भरकर अपने पास संग्रहित रखेंगे।

इन परिवचन का संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा विवाह आयोजन के दौरान कार्य करने वाली ऐजेन्सियों से परिवचन प्राप्त कर उसका सत्यापन करेंगे। साथ ही बैण्ड बाजे, हलवाई, पण्डित, टैण्ट मालिक, फोटोग्राफर, प्रिंटिंग प्रेस आदि जो विवाह के कार्य को अनुष्ठापित करवाते हैं इस बात के लिए कर्तव्यनिष्ठ रहेंगे कि ऐसा बाल विवाह अनुष्ठापित नहीं करवायेंगे।

इस प्रकार से होने वाले किसी भी अपराध की सूचना प्रशासन से संबंधित अधिकारी अथवा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी उपखण्ड अधिकारी को देनेके लिए बाध्य है व ऐसे कर्तव्य का विलोप दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं आमजन को जानकारी करवाने एवं बाल विवाह रोके जाने के लिए उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने बताया कि इस आदेश की अवहेलना किये जाने पर अधिनियम की धारा 11 के तहत बाल विवाह को प्रोन्नत करने या उसको अनुष्ठापित करने के लिए दण्डित कराने के लिए सक्षम न्यायालय में कार्यवाही की जायेगी।

# ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण, अनियमितताओं पर की गई कार्यवाही



जालोर (रॉयल पत्रिका)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के निर्देशों की अनुपालना में पंचायत समिति, जालोर के अंतर्गत ग्राम भेटाला, मायलावास, मेडाउपरला व पाण्डगरा में स्थित ई-मित्र कियोस्कों का सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, पंचायत समिति जालोर के प्रोग्रामर दिनेश मेघवाल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कियोस्क संचालकों द्वारा रेट लिस्ट का प्रदर्शन नहीं करने, कॉ-ब्रांडेड बैनर व आईडी कार्ड का अभाव जैसी अनियमितताएं पाई गईं जिस पर संबंधित संचालकों पर ई-मित्र एप के माध्यम से ऑनलाइन शास्तियां आरोपित की गईं तथा सभी ई-मित्र संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे आमजन से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल न करनें अन्यथा विभागीय कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने आम नागरिकों से अनुरोध किया कि वे ई-मित्र सेवा का लाभ लेते समय शुल्क रसीद अवश्य प्राप्त करें एवं किसी प्रकार की अनियमितता की सूचना प्रोग्रामर, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, पंचायत समिति जालोर कार्यालय में दें।

# ज्यादा खुश मत होइए... बाजार में बड़ी आफत आनी बाकी! भारत समेत कोई नहीं बचेगा इससे



## विकसित भारत बनने की रणनीतिः अनंत नागेश्वरन बोले- हर साल 80 लाख नौकरियों की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य की तैयारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कम से कम अगले 10 से 12 सालों तक हर साल 80 लाख नई नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके साथ ही देश की जीडीपी में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र की हिस्सेदारी भी बढ़ानी होगी। बता दें कि नागेश्वरन कोलंबिया विश्वविद्यालय में आयोजित कोलंबिया इंडिया समिट 2025 में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम भारत की आर्थिक नीतियों और भविष्य को लेकर आयोजित किया गया था।

**आने वाले साल भारत के लिए कठिनः** नागेश्वरन ने समिट में कहा कि आने वाले 10-20 साल भारत के लिए आसान नहीं होंगे। जैसा अनुकूल माहौल भारत को 1990 के बाद मिला था, वैसा अब नहीं मिलेगा। दुनिया की बदलती परिस्थितियां, तकनीकी बदलाव और वैश्विक संघर्ष आर्थिक विकास में बाधा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स और टेक्नोलॉजी जैसी चुनौतियां अब सामने हैं, जो पहले विकसित देशों को नहीं झेलनी पड़ीं। उन्होंने कहा कि एआई जैसी तकनीकें एंट्री-लेवल नौकरियों को खत्म कर सकती हैं। ऐसे में हमें नीतियों में इस तरह का संतुलन लाना होगा, जिससे रोजगार भी बने और तकनीक का इस्तेमाल भी हो।

**विनिर्माण और एमएसएमई पर जोरः** नागेश्वरन ने कहा कि अगर भारत को वैश्विक विनिर्माण में मजबूत बनना है, तो लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) का विकास भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश बिना मजबूत एमएसएमई सेक्टर के मैन्युफैक्चरिंग महाशक्ति नहीं बन पाया। साथ ही उन्होंने कहा कि या तो हमें निवेश दर को बढ़ाना होगा या फिर मौजूदा निवेश से अधिकतम लाभ निकालना होगा, क्योंकि वैश्विक पूंजी प्रवाह पर भी अब संघर्षों का असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले भारत की जीडीपी में निर्यात का योगदान 40 प्रतिशत तक था (2003-08), जो अब घटकर 20 प्रतिशत से भी कम हो गया है, और आगे और गिर सकता है। इसलिए, सिर्फ निर्यात पर निर्भर रहकर विकास करना अब संभव नहीं होगा।

## वेयटेक ने दिल्ली में नए एक्सपीरिएंस सेंटर के साथ भारत में अपना विस्तार किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड स्थित वेयग्रुप एजी की अनुषंगी वेयटेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड ने भारतीय बाजार को लेकर अपनी मजबूत एवं बढ़ती प्रतिबद्धता दोहराते हुए नई दिल्ली में अपने दूसरे इंडिया एक्सपीरिएंस सेंटर का उद्घाटन किया है। यह अत्याधुनिक सुविधा मुंबई में वेयटेक के मौजूद एक्सपीरिएंस सेंटर की पूरक है और यह ट्रेडिंग फ्लोर्स, कमांड एंड कंट्रोल रूम और सिक्युरिटी ऑपरेशंस सेंटर्सजैसे मिशन के महत्व वाले वातावरण के लिए इस कंपनी की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजीज़ को जीवंत रूप से प्रदर्शित करने का काम करेगा। इस नई दिल्ली एक्सपीरिएंस सेंटर का औपचारिक रूप से उद्घाटन वेयग्रुप एजी के बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ अर्मिन क्लिंगलर, वेयग्रुप के डिप्टी सीईओ एवं सीएफओ पास्कल क्रेइनबुह्ल और वेयटेक्नोलॉजीज़ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजीव भल्ला द्वारा किया गया। चालीस वर्ष से अधिक की विरासत के साथ वेयटेक को इसके स्विट्जरलैंड में इंजीनियरिंग किए गए उच्च निष्पादन वाले कार्यस्थल सॉल्यूशंस के लिए जाना जाता है। यह कंपनी रीयल टाइम डेटा के निर्बाध ट्रांसमिशन, कंट्रोल, डिस्ट्रीब्यूशन एवं विजुअलाइजेशन में विशेषज्ञ है और सभी क्षेत्रों में पेशेवरों को कुशल एवं एकीकृत कार्य वातावरण के साथ सशक्त कर रही है। वेयग्रुप एजी के बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ अर्मिन क्लिंगलर ने कहा, भारत वेयटेक के लिए एक रणनीतिक बाजार है और हम इसकी वृद्धि में सहयोग के लिए हमारे वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय नवप्रवर्तन को यहां लाकर उत्साहित हैं। हमारे सॉल्यूशंस में सटीक, विश्वसनीय एवं परिचालक केंद्रित डिजाइन का समा वेय है जो स्विस इंजीनियरिंग को परिभाषित करता है।

## टाटा के शेयर को खरीदने की लूट, बावजूद एक्सपर्ट हैं निराश, प्रॉफिट में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाटा एलेक्सी के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 6 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 5208 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इसका पिछला बंद प्राइस 4899.75 रुपये था। शेयरों में यह तेजी निराशाजनक मार्च तिमाही के नतीजों के बाद देखी जा रही है। इधर, ब्रोकरेज हाउसों के एनालिस्ट को अपने टारगेट प्राइस को कम करना पड़ा और अधिक सतर्क रुख अपनाना पड़ा। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने टाटा एलेक्सी पर अपनी अंडरवेट रेटिंग बरकरार रखी है और पहले से मामूली उम्मीदों के बावजूद चौथी तिमाही में विफलता का हवाला देते हुए इसका टारगेट प्राइस घटाकर 4,660 रुपये कर दिया है। ब्रोकरेज ने अपने नोट में लिखा है कि ऑटोमोटिव सेगमेंट में डील में कुछ तेजी देखने को मिल सकती है। कमजोर एग्जिट रेवेन्यू के साथ मॉर्गन स्टेनली ने चेतावनी दी कि आय में गिरावट का चक्र जारी रह सकता है।

## मार्क मोबियस ने दी गिरावट की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमवार को भारतीय शेयर मार्केट में एक बार फिर से तेजी आई। पिछले हफ्ते शेयर मार्केट तीन दिन खुली थी और तीनों दिन बढ़त के साथ बंद हुई। इससे निवेशकों को एक बार फिर से भरोसा जगा है। वहीं मोबियस इमर्जिंग अपॉर्च्युनिटीज फंड के चेयरमैन मार्क मोबियस का कहना है कि बाजार में बड़ी गिरावट आनी अभी बाकी है।

मोबियस ने इसका कारण अमेरिका के टैरिफ को बताया है। उनका कहना है कि अमेरिकी टैरिफ के कारण दुनियाभर की मार्केट में बड़ी गिरावट आ सकती है। इकोनॉमिक टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में मार्क मोबियस ने भारत को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत, चीन से ग्लोबल सप्लाई चेन को अपने हाथ में ले सकता है। मार्क मोबियस ने कहा कि भारत को निवेश और व्यापार से जुड़ी नौकरशाही को कम करना होगा। इससे काम जल्दी होगा।

### मार्केट को लेकर क्या रुख

मोबियस का कहना है कि बाजार में और भी अनिश्चितता देखने को मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप अभी बातचीत कर रहे हैं। उन्हें कुछ टैरिफ पर 90 दिन की समय सीमा खत्म होने से पहले कई व्यापारिक सौदे निपटाने हैं। उन्होंने कहा, जब आप बातचीत कर रहे होते हैं तो आपको कुछ पाने के लिए कुछ चुकाना होता है।

पहले व्यापारिक सौदों पर काम कर चुके लोगों का कहना है कि इस तरह की जल्दबाजी वाली समय-सीमा कई तरह की मुश्किलें और रुकावटें लाती है। इसलिए, तैयार रहें। बाजार और भी अस्थिर हो सकता है। यानी मार्केट में और गिरावट आ सकती है।

### भारत पर क्या पड़ेगा असर?

मोबियस ने कहा कि हर कोई एक ही स्थिति में है। मार्केट की गिरावट से कोई भी आम तौर पर बच नहीं सकता है। भारत वैश्विक व्यापार युद्ध में और भी ज्यादा उलझेगा क्योंकि यह आगे चलकर एक बड़ा आपूर्तिकर्ता बनेगा। भारत बहुत अच्छी स्थिति में है। वह चीन से सप्लाई चेन को अपने हाथ में लेने की स्थिति में है। लेकिन भारत को निवेश के लिए सिस्टम को उदार बनाने और अपने व्यापार सिस्टम को भी उदार बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा।



### मंदी के बारे में यह दी राय

मोबियस का कहना है कि अमेरिका में मंदी आएगी। शायद इसलिए क्योंकि पैसे की आपूर्ति अच्छी दर से नहीं बढ़ रही है। हालांकि मोबियस का यह भी कहना है कि यह मंदी बहुत लंबे समय तक नहीं चलेगी।

यह एक तिमाही या उससे कम समय तक चलेगी। मोबियस ने बताया कि ट्रंप यह सुनिश्चित करने के लिए निश्चित रूप से कुछ कार्रवाई करेंगे कि यह ज्यादा न खींचे।

## 1700 रुपये के पार जा सकते हैं आईसीआईसीआई बैंक के शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सोमवार को 2 पर्सेंट से अधिक उछलकर 1437 रुपये पर पहुंच गए हैं। बैंक के शेयर 52 हफ्ते के नए उच्चतम स्तर पर जा पहुंचे हैं। बाजार पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स का कहना है कि बैंक के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने आईसीआईसीआई बैंक पर बाय रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने बैंक के शेयरों के लिए 1710 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। यानी, मौजूदा लेवल से आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में करीब 20 पर्सेंट का उछाल आ सकता है।

### किसी एनालिस्ट ने नहीं दी शेयर बेचने की रेटिंग

आईसीआईसीआई बैंक उन कुछ चुनिंदा स्टॉक्स में से है, जिसे एक भी एक्सपर्ट ने बेचने की सलाह नहीं दी है। प्राइवेट बैंक के स्टॉक का कवरेज करने वाले 52 एनालिस्ट्स में से 49 ने बैंक के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। जबकि 3 एनालिस्ट्स ने बैंक के शेयरों को होल्ड रेटिंग दी है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है। ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस मैक्वेरी ने आईसीआईसीआई बैंक पर आउटपरफॉर्म रेटिंग बनाए रखी है और बैंक के शेयरों के लिए 1670 रुपये का टारगेट दिया है। ब्रोकरेज हाउस यूबीएस ने बाय रेटिंग के साथ बैंक के शेयरों को 1680 रुपये का टारगेट दिया है। आईसीआईसीआई बैंक को मार्च 2025 तिमाही में 12,630 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले बैंक का मुनाफा 18 पर्सेंट बढ़ा है। वहीं, मार्च तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 11 पर्सेंट बढ़कर 21,193 करोड़ रुपये रही है। अगर पूरे वित्त वर्ष 2025 की बात करें तो प्राइवेट बैंक का टैक्स भुगतान के बाद मुनाफा सालाना आधार पर 15.5 पर्सेंट बढ़कर 47,227 करोड़ रुपये रहा है। आईसीआईसीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए हर शेयर पर 11 रुपये का डिविडेंड घोषित किया है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में बैंक का नेट इंटरेस्ट मार्जिन 4.41 पर्सेंट रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.25 पर्सेंट था।

## सोने के रेट में रिकॉर्ड तेजी, 1500 तक महंगा हुआ गोल्ड, 96000 पर पहुंच गया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल बाजार में बढ़ती मांग के कारण सोमवार को सोने की वायदा कीमतों में 1,493 रुपये की भारी उछाल देखी गई और यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून डिलीवरी के लिए सोने के अनुबंधों ने लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में शानदार प्रदर्शन जारी रखा और इसने शुरुआती कारोबार में 1,493 रुपये यानी 1.57 प्रतिशत चढ़कर 96,747 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर को छू लिया।

**क्या है डिटेलः** रिकॉर्ड तेजी से पीछे हटकर 1,346 रुपये यानी 1.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 96,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। जिसमें 21,540 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी तरह, अगस्त डिलीवरी के लिए अनुवर्ती अनुबंध 1,464 रुपये यानी 1.53 प्रतिशत की तेजी के साथ एमसीएक्स पर 97,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के कारण जिंस बाजार बंद रहे थे।



**एनालिस्ट की रायः** एनालिस्ट्स ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार तनाव ने वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ा दिया है, जिससे निवेशकों को सुरक्षित-संपत्तियों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच कोई समाधान नहीं निकलता, तब तक सोने में तेजी जारी रहने की संभावना है। वैश्विक बाजारों में, सोने का वायदा भाव 3,400.86 डॉलर प्रति औंस के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के जिंस के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा, अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने तथा वैश्विक व्यापार चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई और यह नया रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले बृहस्पतिवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के खिलाफ लगातार हमले शुरू करने के बाद अमेरिकी डॉलर दो साल के निचले स्तर पर पहुंच गया। उनके कर्मचारी पॉवेल को बदलने पर विचार कर रहे हैं, जिस कदम से केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता और वैश्विक बाजारों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

## नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की बड़े विस्तार की योजना

**मुंबई, एजेंसी।** एनएसई और बीएसई लिस्टेड (बीएसई- 541418) नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज जो प्रीमियम क्वालिटी टूटी फ्रूटी (कैंडिड फ्रूट्स), ड्राई फ्रूट्स और डिहाइड्रेटेड फ्रूट्स के निर्माण और निर्यात में संलग्न है, ने अब ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में विस्तार की रणनीतिक घोषणा की है। कंपनी अब मिनरल वॉटर, एरेटेड ड्रिंक्स और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेज जैसे उत्पादों को अपनी रेंज में शामिल करेगी। यह कदम कंपनी की उत्पाद विविधीकरण और बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री में फलों, नट्स, बेकरी उत्पादों और विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण और व्यापार में सक्रिय है। इसके अलावा, कंपनी अपने नए बेवरेज उत्पादों को 'नोकंट्रोल' ब्रांड नाम से लॉन्च करेगी। रणनीतिक रूप से नागपुर में स्थित अपने मुख्यालय के साथ—जिसे भौगोलिक रूप से भारत का हृदय माना जाता है—कंपनी को राष्ट्रव्यापी कुशल और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में लॉजिस्टिकल लाभ प्राप्त है। नाकोडा मिडिल ईस्ट और यूरोपीय देशों में एक प्रमुख निर्यातक है और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की आकांक्षा रखता है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रमुख त्र20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

## एआई चैटबॉट चैट जीपीटी के उपयोग में तेजी आई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट चैट जीपीटी का इस्तेमाल अब काफी होने लगा है। काफी यूजर्स इस चैटबॉट पर अपने सवाल पूछते हैं और जानकारी लेने के दौरान प्लीज और थैंक यू जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। ये शब्द चैटजीपीटी की कंपनी ओपनएआई के लिए आफत बन गए हैं।

सैम ऑल्टमैन ने हाल ही में एक बात बताई। उन्होंने कहा कि प्लीज और थैंक यू जैसे छोटे-मोटे शब्द भी कंपनी के लिए बिजली का खर्चा बढ़ा रहे हैं। सैम ने यह बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर के सवाल के जवाब में कही थी। उन्होंने बताया कि इन छोटे शब्दों के कारण करोड़ों डॉलर की बिजली खर्च होती है।

**क्या लिखा है पोस्ट में?:** कुछ दिनों पहले टोमी नाम के एक यूजर ने एक्स पर एक पोस्ट लिखी थी। इसमें यूजर ने पूछा था कि चैट जीपीटी से बात करते समय लोग जो प्यार से प्लीज और थैंक यू बोलते हैं, उससे कितनी बिजली खर्च होती है?




इस पर सैम ने जवाब दिया कि कंपनी इसके लिए करोड़ों डॉलर खर्च कर रही है, लेकिन उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है। उनका ये मजाकिया जवाब बताता है कि एआई सिस्टम हर शब्द को प्रोसेस करने में कितना खर्चा करता है।

**शब्दों का बिजली से क्या कनेक्शन?:** अब बात करते हैं कि प्लीज और थैंक यू बोलने से क्या होता है। देखने में तो ये छोटे शब्द लगते हैं, लेकिन इनसे कंप्यूटर पर काम का बोझ बढ़ जाता है। हर एक शब्द को प्रोसेस करने के लिए ज्यादा पावर चाहिए होती है। इससे चैट जीपीटी को चलाने वाले डेटा सेंटर्स पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

इन सेंटर्स में बहुत सारे कंप्यूटर होते हैं जो बहुत गर्मी पैदा करते हैं। इसलिए, उन्हें ठंडा रखने के लिए खास सिस्टम लगाने पड़ते हैं। इन सब चीजों से बिजली का इस्तेमाल बढ़ जाता है। बता दें कि जैसे-जैसे लोग एआई से ज्यादा बात कर रहे हैं, वैसे-वैसे एआई का एनर्जी इस्तेमाल भी बढ़ता जा रहा है।

**कितने जरूरी हैं ये शब्द?:** कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि एआई चैटबॉट से प्यार से बात करने के फायदे भी हैं।

## सोनी लिव का नया डॉक्यू-ड्रामा 'ब्लैक, व्हाइट एंड ग्रे - लव किल्स'

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की आगामी डॉक्यू-ड्रामा सीरीज 'ब्लैक, व्हाइट एंड ग्रे - लव किल्स' अपने प्रीमियर से पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता जगा चुकी है। सही और गलत की धुंधली सीमाओं पर टिकी इसकी रहस्यमय कहानी और नैतिक द्वंद्व से जूझते किरदारों ने इसे प्लेटफॉर्म पर बहुप्रतीक्षित सीरीज बना दिया है। शो के कलाकारों को रिलीज़ से पहले ही ढेरों जिज्ञासु संदेश मिल रहे हैं, जिनमें दर्शक कहानी के रहस्य को सुलझाने के लिए उत्सुक नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर शो को लेकर चर्चाओं का माहौल बना हुआ है - हर तरफ क्यास, थ्योरी और जिज्ञासा से भरी बातचीत हो रही है। शो की कहानी को लेकर कलाकार अब तक पूरी गोपनीयता बनाए हुए हैं और हल्के-फुल्के अंदाज़ में दर्शकों से यही कहते हैं - शो शुरू होने दो, सब पता चल जाएगा! इस सीरीज में अहम भूमिका निभा रहीं पलक जायसवाल ने कहा, हमें जो संदेश मिल रहे हैं, वे वाकई चौंकाने वाले हैं! लोग पहले ही कहानी के सुराग जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और यह अंदाजा लगाने में जुटे हैं कि असली गुनहगार कौन है।

## ईडीआईआई ने उद्यमिता का उपयोग करके सभी वर्गों के लोगों के उत्थान और उन्नती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः दिनेश सिंह रावत

### ईडीआईआई ने अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया

**मुंबई, एजेंसी।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने 20 अप्रैल 2025 को अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया। गोवा के माननीय मुख्यमंत्री श्री डॉ. प्रमोद सावंत ने इस अवसर पर वर्चुअली संबोधित किया। इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथि शामिल हुए, जिनमें मुख्य अतिथि डॉ. पिरुज़ खंबाटा, चेयरमैन - रसना ग्रुप एवं काउंसल जनरल, दक्षिण कोरिया (गुजरात); सम्मानित अतिथि सुनील अंचीपाका, आईएएस, सचिव (उद्योग), गोवा; बी. एस. पाई आंगले, मेनेजिंग डायरेक्टर, ईडीसी लिमिटेड, गोवा; दिनेश सिंह रावत, चीफ जनरल मेनेजरएवं जोनल हेड (अहमदाबाद ज़ोन), आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, अहमदाबाद (एवं गवर्निंग बोर्ड मेम्बर, ईडीआईआई) तथा डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई शामिल रहे।

सरकार, कॉरपोरेट, उद्योग संघों और शैक्षणिक क्षेत्र से भी कई गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल रहे। यह कार्यक्रम का केंद्रबिंदु था कि कैसे उद्यमिता, स्टार्टअप्स और इनोवेशन देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को प्रभावित कर रहे हैं।

डॉ. प्रमोद सावंत ने वर्चुअली संबोधित करते हुए गुजरात के अद्वितीय विकास मॉडल की सराहना की और देश व बाहर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ईडीआईआई की भूमिका की प्रशंसा की। माननीय मुख्यमंत्री श्री ने कहा, आज भारत, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, एक अग्रणी स्टार्टअप राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है, और इस दिशा में ईडीआईआई का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। गोवा, 'विकसित भारत' और 'विकसित गुजरात' की परिकल्पना के अनुरूप एक मजबूत स्टार्टअप-केन्द्रित इकोसिस्टम स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है, ताकि 'विकसित गोवा' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।




मुख्यमंत्री ने ईडीआईआई - गोवा केंद्र द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का भी उल्लेख किया (जिसका उद्घाटन 12 मार्च 2024 को हुआ था)। उन्होंने बताया कि यह केंद्र ईडीआईआई द्वारा उस पत्र के आधार पर स्थापित किया गया था, जिसे उन्होंने गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल जी को इस आवश्यकता को रेखांकित करते हुए लिखा था। श्री दिनेश सिंह रावत ने कहा, ईडीआईआई ने उद्यमिता का उपयोग करके सभी वर्गों के लोगों के उत्थान और उन्नतमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर डॉ. पिरुज़ खंबाटा ने कहा, उद्यमिता ने लंबा सफर तय किया है; इसे सामाजिक-आर्थिक विकास के एक शक्तिशाली साधन के रूप में सराहा जा रहा है। 'विकसित भारत' की परिकल्पना उद्यमिता, कौशल विकास, टेक्नोलोजी, ईनोवेशन और विस्तारित बाजारों जैसे स्तंभों पर आधारित है।



# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style



# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

हॉलीवुड मसाला




# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने



सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।



### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।

### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉड्र्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*



**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।




**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।



**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।

# कोहली 13, बटलर 11 और गेल-राहुल 10 बार चूके शतक से, 90+ रन पर हुए आउट


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते शनिवार को इंडियन प्रीमियर 2025 के 35वें मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीत के लिए मिले 204 रन के लक्ष्य को जीटी ने जोस बटलर की नाबाद 97 रन की पारी की मदद से हासिल किया। इस बीच आईपीएल के इतिहास में 10 या उससे अधिक 90+ रन के स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### जोस बटलर (11)

बटलर ने 11 पारियों में 90+ रन के स्कोर बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने अब तक के करियर में 114 मैचों में 39.36 की औसत और 148.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,897 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 22 अर्धशतक भी लगाए हैं। बटलर का आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर 124 रन है। वह जीटी से पहले मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की टीमों से खेल चुके हैं।

## इन बल्लेबाजों ने भी 10 या अधिक बार बनाए हैं 90 से ज्यादा रन



### विराट कोहली (13)

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने 13 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए हैं। वह इस लीग में निरंतर रन बनाते हैं। वह अब तक 260 मैचों की 251 पारियों में 38.92 की औसत और 132.23 की स्ट्राइक रेट के साथ 8,253 रन बना चुके हैं। उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 58 अर्धशतक लगाए हैं।

### केएल राहुल (10)

केएल राहुल आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। राहुल ने अब तक 138 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 45.82 की औसत और 135.70 की स्ट्राइक रेट से 4,949 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 132* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक और 39 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 134* रन रहा है। वह आईपीएल 2025 में DC की टीम से खेल रहे हैं।



### क्रिस गेल (10)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज क्रिस गेल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए दुनियाभर में जाने जाते थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा विश्व भर की तमाम टी-20 लीग्स में भी गेल ने हिस्सा लिया था। आईपीएल में उन्होंने 2009 से 2021 तक 142 मैचों में 4,965 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 175* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। उन्होंने 10 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए थे।

### डेविड वार्नर (10)

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर भी आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। वार्नर ने 2009 से लेकर 2024 तक आईपीएल में कुल 184 मैच खेले, जिसमें 40.52 की औसत और 139.77 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,565 रन बनाए थे।

खास खबर

## पूरन के छक्के से फूटा फैन का सिर बल्लेबाज ने साइन कर जर्सी की भेंट



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपने एक नेक काम से फैंस का दिल जीत लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में पूरन के एक तूफानी छक्के ने स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर चोट पहुंचा दी थी। इसके बावजूद पूरन ने जो किया, उसने हर किसी को उनका मुरीद बना दिया। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले पूरन ने उस फैन से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा।

**छक्के से लगी थी फैन को चोट**

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन ने 34 गेंदों में 61 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 7 छक्के शामिल थे, लेकिन उनकी पारी का एक छक्का स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर जा लगा। चोट गंभीर थी और फैन के सिर पर पट्टी बांधनी पड़ी। फिर भी उस फैन का जज्बा कम नहीं हुआ और वह मैच देखने के लिए स्टेडियम में ही रुका रहा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उस मैच में जीत हासिल की, जिससे फैन की खुशी दोगुनी हो गई।

### पूरन का दिल छू लेने वाला कदम

मैच के बाद एलएसजी ने वीडियो शेयर किया, जिसमें पूरन ने फैन से पूछा, सब ठीक है? फैन ने उत्साह से जवाब दिया, बढ़िया! पूरन सर ने मुझे बुलवाया। मैं आया, उनसे मिला। उन्होंने पूछा, सब ठीक है? मैं कल फिर मैच देखने आ रहा हूं। चाहे छक्का लगे, सिर फूटे, कोई दिक्कत नहीं। बस हमारी लखनऊ की टीम जीतती रहे। उस दिन हमारी टीम जीती, मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी टीम ट्रॉफी का सपना पूरा करे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप




प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

## आईपीएल: मुकेश चार विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

# राहुल व पोरेल के अर्धशतकों से दिल्ली ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ




मुकेश कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अनुभवी लोकेश राहुल और सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को आठ विकेट से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ मैच' मुकेश ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट झटके जिससे एलएसजी की टीम एडेन मारक्रम की अर्धशतकीय पारी के बावजूद छह विकेट पर 159 रन पर रोकने के बाद राहुल और अभिषेक के प्रयास से 17.5 ओवर में दो विकेट गवां कर लक्ष्य हासिल कर लिया। राहुल ने तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 42 गेंद में नाबाद 57 रन की संयमित पारी के दौरान आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 130 पारियों में इस आंकड़े तक पहुंच कर डेविड वार्नर (135 गेंद) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। राहुल ने पोरेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 गेंद में 69 रन की साझेदारी करने के बाद अक्षर पटेल के साथ 36 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी की। पोरेल ने 36 गेंद में पांच चौके और एक छक्का की मदद से 51 रन बनाये जबकि दिल्ली के कप्तान अक्षर ने 20 गेंद में 34 रन की नाबाद पारी के दौरान चार छक्के और एक चौका जड़ा। एलएसजी के लिए दोनों विकेट मारक्रम ने लिये। सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने मिचेल मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 60 गेंद में 87 रन की साझेदारी की लेकिन टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके। मारक्रम ने 33 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगाये जबकि मार्श ने 36 गेंद में एक छक्का और तीन चौके जड़े। आखिरी ओवर में आयुष बडोनी ने 21 गेंद में छह चौके की मदद से 36 रन बनाकर टीम के स्कोर को 160 के करीब पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए करुण नायर ने शारदुल ठाकुर के खिलाफ दो चौके जड़े तो वहीं पोरेल ने ओवर का तीसरा चौका लगाकर हाथ खोला। नायर ने चौथे ओवर में मारक्रम की गेंद को दर्शकों के पास भेजकर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गये।

## सनराइजर्स और मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज



**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मुंबई इंडियंस से आज बुधवार 23 अप्रैल को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में होगा। अंकतालिका में फिलहाल छठे पायदान पर मौजूद एमआई ने अब तक 4 मैच जीते हैं और इतने में ही हार झेली है, जबकि नौवें स्थान पर मौजूद एसआरएच ने सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है। राजीव गांधी स्टेडियम की पिच पर गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिलती है। हालांकि, तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिन गेंदबाज असरदार साबित होते हैं। ऐसे में तेज गेंदबाजों को विकेट चटकाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। एक बार बल्लेबाजों की नजरें जम जाती है तो आसानी से बड़े-बड़े शॉट लगते हैं। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 163 रन है। एक्यूवेदर के मुताबिक, 23 अप्रैल को हैदराबाद में तेज गर्मी रहने वाली है। दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। बुधवार को हैदराबाद में बारिश की संभावना नहीं है।

## 100वें टूर-स्तरीय खिताब पाने मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच



**मैड्रिड।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है।

### अभी तक ये खिलाड़ी जीते हैं 100वां खिताब

जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। जोकोविच ने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने 2016 के फाइनल में अपने कोच एंडी मरे को हराया था।

## खबर संक्षेप



### शिवम दुबे उभरते खिलाड़ियों के लिए देंगे 7 लाख रुपए

**चेन्नई।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया। आईपीएल में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया। दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया। दुबे ने समारोह के दौरान कहा, "जब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो टीएनसीए सचिव ने मुझे बताया कि यह कार्यक्रम यहां के कुछ युवाओं की मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा।

### मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगी: कुजूर

**पर्थ।** जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में



जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं। भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं।

### 25 से 27 तक एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत 25 से 27 अप्रैल तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई



योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत द्वारा खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 21 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच इसका हिस्सा होंगे।

नए खुलासे से मचा हड़कंप

## राजस्थान रॉयल्स की टीम फिक्सिंग में शामिल!



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम एक बार फिर विवादों के घेरे में है. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के एक बड़े अधिकारी ने टीम पर मैच फिक्सिंग का गंभीर आरोप लगाया है। बता दें कि इससे पहले राजस्थान की टीम का इस साल प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। तो वहीं लखनऊ के खिलाफ एक आसान कैच छूटा था, जिसके बाद फैंस ने ये आरोप लगाया था कि राजस्थान की टीम ने मुकाबले को फिक्स कर लिया है।

### आखिरी ओवर में हार ने उठाए सवाल

आईपीएल के मैच नंबर 36 में राजस्थान रॉयल्स को 181 रनों का पीछा करना था। कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम को आखिरी ओवर में सिर्फ 9 रनों की जरूरत थी, और उनके पास 6 विकेट बाकी थे लेकिन हैरानी की बात यह रही कि लखनऊ के गेंदबाज आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को 2 रनों से जीत दिला दी।

### नीरज पवन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया

बिहानी ने इसके साथ-साथ स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष नीरज के पवन पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एडहॉक कमेटी को नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें इस बार मैच के लिए एक्रीडेशन कार्ड तक नहीं मिले हैं। इस पर नीरज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और बिहानी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। नीरज ने स्पष्ट किया कि फिक्सिंग जैसी चीजों पर नजर रखना बीसीसीआई का काम है।

### घरेलू मैदान में ऐसी हार, संदिग्ध : जयदीप

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने एक इंटरव्यू में कहा, हमारी टीम अपने घरेलू मैदान पर इतने कम रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी, यह समझ से परे है। यह हार संदिग्ध लगती है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के पुराने विवादों का जिक्र करते हुए 2013 के स्पॉट फिक्सिंग कांड को भी याद किया, जिसमें टीम के कुछ खिलाड़ी दोषी पाए गए थे।

## अमन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के अगले दौर में

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर कड़े संघर्ष में जीत हासिल की। पुरुषों के अंडर-17 के 63



किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया। पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है। पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए।

## पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

**विश्व कप निशानेबाजी : भारतीय दल ने जीते दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक**

एजेंसी ▶▶| लीमा (पेरू)

भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही।

### चीन रहा शीर्ष तालिका में टॉप पर

सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा।




### सुरुचि इंदर ने जीते दो स्वर्ण पदक

भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची।

## शानदार रहा है रविंद्र जडेजा का आईपीएल करियर


# एक टीम के लिए 2,000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

इंडियन प्रीमियर लीग में विश्व के तमाम बड़े ऑलराउंडर शिरकत करते हैं। वह अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब जिताने का प्रयास करते हैं। इस लीग के इतिहास में अब तक सिर्फ 2 ऐसे ऑलराउंडर हुए हैं, जिन्होंने एक फ्रेंचाइजी की ओर से खेलते हुए बल्लेबाजी में 2,000+ रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 100+ विकेट लिए हैं।

### रविंद्र जडेजा (सीएसके के लिए)

रविंद्र जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से 180 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27.97 की औसत और 135.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,042 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 62* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 अर्धशतक लगाए हैं। दूसरी तरफ सीएसके से उन्होंने 167 पारियों में गेंदबाजी की है, जिसमें 28.21 की औसत और 7.60 की इकॉनमी रेट के साथ 138 विकेट चटकाए हैं।





### शानदार रहा है जडेजा का आईपीएल करियर

जडेजा IPL में 248 मैच की 192 पारियों में 27.46 की औसत और 129.60 की स्ट्राइक रेट से 3,104 रन बना चुके हैं। इसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62 रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 219 पारियों में 30.48 की औसत से 165 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।

### आंद्रे रसेल (केकेआर के लिए)

वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल आईपीएल 2014 से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से खेल रहे हैं। उन्होंने इस टीम से 127 मैच खेले हैं, जिसमें 28.60 की औसत और 174.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,460 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 88* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 11 अर्धशतक लगाए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 21.05 की औसत और 9.40 की इकॉनमी रेट के साथ 119 विकेट लिए हैं।

### ऐसा है रसेल का आईपीएल करियर


रसेल आईपीएल 2012 और 2013 में दिल्ली कैपिटल्स से खेल चुके हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 110 पारियों में 27.97 की औसत और 173.53 की स्ट्राइक रेट से 2,518 रन बना चुके हैं। इसमें 11 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 115 पारियों में 22.78 की औसत और 9.44 की इकॉनमी रेट से 120 विकेट चटकाए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

# आतंक के खिलाफ सख्त संदेश: अमित शाह ने किया पहलागाम हमले के स्थल का दौरा




नई दिल्ली। कश्मीर घाटी के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलागाम के बैंसरन क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बुधवार को घटनास्थल का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। गृह मंत्री ने हेलीकॉप्टर से इलाके का हवाई निरीक्षण किया और फिर बैंसरन घास के मैदान पर उतरकर घटनास्थल का मुआयना किया। उनके साथ शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने चल रही कार्रवाई और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी।इससे पहले अमित शाह ने श्रीनगर के पुलिस कंट्रोल रूम में पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर कहा, "पहलागाम आतंकी हमले के मृतकों को भारी मन से अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा। इस जघन्य कृत्य के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।" हमले के बाद पूरे जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस बीच, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की एक टीम भी बुधवार को बैंसरन पहुंच गई है। इस टीम का नेतृत्व डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (DIG) स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। टीम जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर जांच में मदद करेगी। वहीं हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (TRF) ने ली है। इस हमले ने कश्मीर की शांति प्रक्रिया को चुनौती दी है और केंद्र सरकार की आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति को और मजबूत किया है। गृह मंत्री के दौरे से साफ है कि केंद्र सरकार इस हमले को गंभीरता से ले रही है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की दिशा में पूरी ताकत से जुटी है।

# आतंकी हमले पर गरजे रक्षा मंत्री: सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गुस्सा है। आतंकियों और उसके आका पाकिस्तान पर लगातार कार्रवाई की मांग की जा रही है। बता दें कि इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई है। मारे गए ज्यादातर लोग पर्यटक थे। वहीं, अब इस आतंकी हमले को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पहला बयान सामने आ गया है। राजनाथ सिंह ने कहा है कि इस आतंकी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- "हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। मैं मृतकों के परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त करता हूं। आतंकवाद को लेकर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। इस आतंकी हमले के दोषियों के साथ ही इसके पर्दे के पीछे छिपे लोगों तक भी पहुंचा जाएगा। मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि करारा और स्पष्ट जवाब दिया जाएगा।" राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जल्द ही इसका रिजल्ट भी देखने को मिलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ तौर पर कहा है कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण तरीके से हमला कर के विशेष धर्म को निशाना बनाया गया है। राजनाथ सिंह ने कहा- "हमले में, हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस घोर अमानवीय कृत्य ने, हम सभी को गहरे शोक और दर्द में डुबो दिया है। सबसे पहले मैं, उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। इस दुखद समय में, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।

# FTII और SRFTI को मिला विश्वविद्यालय जैसा दर्जा, रिसर्च और पीएचडी कोर्स होंगे शुरू




नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय ने फिल्म और मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला लेते हुए पुणे स्थित फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) और कोलकाता स्थित सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (SRF-TI) को "डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी" (का दर्जा दे दिया है। अब ये दोनों संस्थान अपनी डिग्री और पीएचडी कोर्स चला सकेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि ये दर्जा उन्हें यूजीसी एक्ट 1956 की धारा 3 के तहत दिया गया है। अब ये संस्थान रिसर्च, डॉक्टोरल और इनोवेटिव प्रोग्राम भी शुरू कर सकेंगे। साथ ही, ये दोनों संस्थान अब यूजीसी के नियमों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे।इन संस्थानों को अब नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग में भाग लेने और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) से भी जोड़ा जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप लिया गया है,

जिससे इन संस्थानों को अधिक स्वतंत्रता, नवाचार और अकादमिक श्रेष्ठता प्राप्त होगी।

**कैसे मिला SRFTI और FTII को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा?**

SRFTI सोसायटी ने यूजीसी के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद यूजीसी ने कुछ शर्तों के साथ "लेटर ऑफ इंटेंट" जारी किया। जनवरी 2025 में एसआरएफटीआई ने शर्तों को पूरा करने की रिपोर्ट सौंपी जिसे यूजीसी की विशेषज्ञ समिति ने मंजूरी दे दी।

यूजीसी की हालिया बैठक में इसे मंजूरी मिली और शिक्षा मंत्रालय ने अधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की।इसी तरह एफटीआईआई सोसायटी, पुणे ने भी ऑनलाइन आवेदन किया और सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे भी डीन यूनिवर्सिटी का दर्जा दे दिया गया। इस फैसले से अब भारत के ये प्रमुख फिल्म संस्थान न केवल उच्च स्तर की शिक्षा देंगे, बल्कि रिसर्च और नवाचार के नए रास्ते भी खोलेंगे।

# सोने ने तोड़ा रिकॉर्ड: पहली बार 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंची कीमत



नई दिल्ली, (एजेंसी)। सोने ने मंगलवार को नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार इसकी कीमत 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 96,670 रुपये था, जो दिखाता है कि बीते 24 घंटे में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 97,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट्स 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98,991 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थे। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह फेड रेट कट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बीच मतभेद होना है। वहीं, अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने को माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। सोने का भाव 3,480 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है, जो सोने का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है।

कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा, "सोने की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और यूएस फेड चेयर जेरोम पॉवेल के बीच फेड ब्याज दरों में कटौती को लेकर बढ़ता मतभेद है। इसके अतिरिक्त, डॉलर में कमजोरी और यूएस-चीन व्यापार युद्ध के कारण अनिश्चितताएं अन्य महत्वपूर्ण कारण हैं जिन्होंने सोने की कीमत को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।" शाह ने आगे कहा, "सोने की कीमत ऊपर की ओर बढ़ रही है, डॉलर में गिरावट से अन्य करेंसी में सोना सस्ता हो जाएगा, जिससे मांग-कीमत में संतुलन बना रहेगा।, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 26 के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3,600 डॉलर प्रति औंस को पार कर जाएगी।"

# आतंकी हमले के बाद अलर्ट मोड में केंद्र, NSA-विदेश मंत्री के साथ पीएम ने की आपात बैठक



नई दिल्ली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब दौरा रद्द कर तुरंत भारत लौटे। दिल्ली पहुंचते ही एयरपोर्ट पर उन्होंने आपात बैठक बुलाई। इस अति महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और विदेश सचिव मौजूद थे। प्रधानमंत्री की वापसी के तुरंत बाद इस उच्च स्तरीय बैठक में हमले की गंभीरता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया और सुरक्षा रणनीतियों पर विस्तार से मंथन किया गया।पीएम मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होने के बाद बाकी कार्यक्रम छोड़कर बुधवार सुबह स्वदेश लौट आए। मंगलवार को पहलगाम में निहत्थे टूरिस्ट्स पर हुए कायराना हमले की चौतरफा निंदा हो रही है। हमले के तुरंत बाद पीएम मोदी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बात की। अमित शाह तुरंत श्रीनगर के लिए रवाना हो गए थे। इससे पहले आतंकी हमले के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने अपने घर पर आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में आईबी चीफ, गृह सचिव भी मौजूद रहे।इसके अलावा अमित शाह ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। इस बैठक में सीआरपीएफ डीजी, जम्मू-कश्मीर डीजी, सेना के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, "जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के सदस्यों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे।"

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी घटना के बारे में जानकारी**

उन्होंने आगे बताया, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घटना के बारे में जानकारी दी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के लिए शीघ्र ही श्रीनगर के लिए रवाना होऊंगा।"जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा, "मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं। निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैंने अपनी सहकर्मी सकीना इटू से बात की है और वह घायलों के लिए व्यवस्थाओं की देखरेख करने के लिए अस्पताल चली गई हैं। मैं तुरंत श्रीनगर वापस जा रहा हूं।" जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को आतंकियों ने हमला किया था। समूचे विश्व ने इस हमले की निंदा की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस पर नजर बनाए हुए हैं।

# आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ दुनिया

## -ट्रंप, पुतिन, नेतन्याहू सहित कई नेताओं की कड़ी प्रतिक्रिया

न्यूज़ एजेंसी। जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरी दुनिया से प्रतिक्रिया देखने को मिली है। इस आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित दुनिया भर के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। सभी देशों आतंकी हमले के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता जताई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नें आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी के साथ बातचीत की है। ट्रंप ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे जघन्य हमला बताया है। ट्रंप ने हमले के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए भारत को पूर्ण समर्थन की बात कही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "उन्होंने (ट्रंप ने) जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं।"

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को भेजे अपने संदेश में संवेदना व्यक्त की। पुतिन ने कहा कि इस क्रूर अपराध का कोई औचित्य नहीं है, दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। पुतिन ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के सहयोग की बात दोहराई है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह "इस बर्बर आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हैं जिसमें दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए हैं।" उन्होंने कहा, " हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इजरायल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है।"

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वह पहलगाम में आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों, घायलों, सरकार और भारतीय लोगों के प्रति एकजुटता जताई है।

पहलगाम में आतंकी हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस भारत की यात्रा पर हैं। वेंस ने इस जघन्य आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में हम इस देश की खूबसूरती और इसके लोगों से अभिभूत हैं। हम इस भयावह हमले में लोगों के मारे जाने से शोकाकुल हैं और हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं।"


संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। बयान में कहा गया कि यूएई "इन आपराधिक कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से की गई हिंसा और आतंकवाद के सभी रूपों को स्थायी रूप से अस्वीकार करता है।"

श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की और जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया। एक बयान में कहा गया, "श्रीलंका जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है। हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।"

नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। इस हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोग मारे गए हैं। ओली ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, "नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है।"

# शौर्य दिवस पर देशभक्ति का अद्भुत संगम

## -सूर्य किरण टीम ने किया मन मोह लेने वाला प्रदर्शन



पटना। बिहार में आज बुधवार को 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस खास मौके पर पटना के जेपी गंगा पथ पर भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम ने शानदार हवाई करतब दिखाए। यह कार्यक्रम बिहार सरकार और भारतीय वायु सेना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभ्यता द्वार के पास कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सूर्य किरण टीम के अद्त हवाई करतबों को देखा और वीर कुंवर सिंह के साहस को नमन किया।

मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह और सांसद राजीव प्रताप रूडी सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी भी मौजूद रहे।

हजारों की संख्या में आम जनता ने भी इस आयोजन को देखा और वीर कुंवर सिंह के शौर्य को याद किया। इस अद्त प्रदर्शन को देखकर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह दिन बिहार के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। वीर कुंवर सिंह जैसे योद्धाओं के बलिदान को आज की पीढ़ी को जानना चाहिए।

उन्होंने भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन सेना की तैयारी और परिपक्वता का प्रतीक है। वहीं सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि बिहार में ऐसा भव्य आयोजन पहले कभी नहीं देखा गया। सूर्य किरण टीम द्वारा किया गया यह हवाई प्रदर्शन स्वतंत्रता संग्राम के महायोद्धा वीर कुंवर सिंह को एक सलामी थी, जिन्होंने अपनी बाजू काटकर गंगा में प्रवाहित कर दी थी। यह आयोजन न सिर्फ वीरता की याद दिलाने वाला था, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना भी जागृत करने वाला साबित हुआ।

# पहलगाम आतंकी हमले पर मुस्लिम प्रोग्रेसिव फ़ेडरेशन ने जताया आक्रोश

## -दोषियों को कड़ी सज़ा की मांग

जयपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद देशभर से निंदा का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मुस्लिम प्रोग्रेसिव फ़ेडरेशन ने इस हमले को घोर निंदनीय, अमानवीय और कायरतापूर्ण बताया है। फ़ेडरेशन के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर ने एक बयान जारी कर घटना की तीव्र भर्त्सना की है और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, वह मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है। हम सरकार से मांग करते हैं कि मृतकों और घायलों को उचित मुआवज़ा दिया जाए और हमले के दोषियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए। जौहर ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि ऐसे वक्त पर पूरे देश को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। फ़ेडरेशन के सह संयोजक सैय्यद अनवर शाह ने भी समाज से शांति, एकता और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। फ़ेडरेशन ने दोहराया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और ऐसे कृत्यों का हर जिम्मेदार नागरिक को विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ यह साझा लड़ाई सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हर इंसान देश के हर नागरिक की है जो



अमन और इंसानियत में विश्वास रखता है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,